

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 203 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 29 मई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर भारतीय स्टेट बैंक सक्ती की ओर से 29 महिला समूह सखियों को ..

पेज -8 पर दो भाईयों ने नगर का बढ़ाया गौरव, छत्तीसगढ़ स्टेट कराते चैंपियनशिप...


# पीएम की मन की बात में छत्तीसगढ़

## नरेंद्र मोदी बोले-बालोद के युवा पानी बचाने का संदेश देते हैं, मूणत ने होनहार बच्चों को किया सम्मानित

**रायपुर।** रविवार को देशभर के लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। छत्तीसगढ़ के लिए इस बार का प्रसारण खास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस खास कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का जिक्र किया। यहां के युवाओं द्वारा किए जा रहे कामों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर से लेकर बस्तर तक किया। रायपुर में पूर्व मंत्री राजेश मूणत




लोगों के बीच बैठकर मन की बात का प्रसारण सुना। और होनहार बच्चों का सम्मान किया। जब छत्तीसगढ़ का जिक्र आया तो सभी लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। पीएम मोदी ने कहा- कुछ युवा इनोवेशन तो कई युवा ऐसे हैं

**नरेंद्र मोदी बोले-बालोद के युवा पानी बचाने का संदेश देते हैं, मूणत ने होनहार बच्चों को किया सम्मानित**

जो समाज को जागरुक करने के मिशन में लगे हैं। बालोद जिले के युवा पानी बचाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा- घर घर जाकर ये युवा जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक करते हैं। शादी ब्याह का कार्यक्रम होता है तो वहां जाकर ये युवा लोगों को पानी के दुरुपयोग को कम करने की जानकारी देते हैं, ये पानी के सदुप्रयोग का एक प्रेरक प्रयास है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बताया कि ये युवा बालोद जिले के ग्रीन कमांडो के नाम से मशहूर वीरेंद्र सिंह एवं उनकी टीम है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, ट्रेलर ने मारी बाइक को ठोकर, मौके पर ही हुई मौत

**रायगढ़।** जिले में हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई है। दोनों बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में ट्रेलर ने दोनों को टक्कर मार दी।

जिससे मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। इस हादसे में 2 बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा खरसिया थाना क्षेत्र में हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम जतरी निवासी तोरेश पटेल(30) पत्नी बीना पटेल(28) अपनी बच्ची



वेदांसी पटेल (डेढ़ साल) भतीजे श्रेयांश पटेल(6) साल के साथ शनिवार रात को निकला था। ये सभी अभी रानीसागर के पास पहुंचे थे। उसी दौरान यह हादसा हो गया है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में ट्रेलर आ रहा था। जिसने सामने से इनको टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही पति-पत्नी की मौत हो गई। जबकि बच्चे घायल हो गए थे। उधर, घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।

वहीं आस-पास के लोग हादसे के बाद मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिर घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### एक नजर

बॉयलर में ब्लास्ट

**फैक्ट्री में रखे उपकरण जलकर खाक, दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची...**



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के इंडस्ट्रियल एरिया खरमोरा स्थित वेस्टर्न इलेक्ट्रोड्स के बॉइलर में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने के कारण फैक्ट्री के अंदर रखे उपकरण में आग लग गई। आग लगाने से फैक्ट्री के अंदर रखे उपकरण जलकर खाक हो गए हैं। इस फैक्ट्री में कार्बन पेस्ट बनाने का काम किया जाता है । बताया जा रहा है कि, बॉइलर में ओवरलोड के कारण यह आगजनी की घटना हुई है। इसके बाद इसकी सूचना दमकल और 112 की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ी और 112 मौके पर पहुंची। वहीं दूसरी वजह फैक्ट्री के भीतर ऑयल का बहाव हो रहा था। फिलहाल दमकल की तीन गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

# तेलीबांधा तालाब में कांग्रेसियों ने किया जल सत्याग्रह

## नए संसद भवन के उद्घाटन का विरोध

रायपुर। रायपुर में कांग्रेसियों ने नए संसद भवन के उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों नहीं कराए जाने का विरोध किया है। यहां मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब में पानी के भीतर उतर कर कांग्रेसियों ने जल सत्याग्रह किया। हाउसिंग बोर्ड के डायरेक्टर और कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के नेतृत्व में कई कांग्रेसी तख्ती लेकर तालाब में उतर और यहां विरोध प्रदर्शन किया।






विनोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ चुनाव जीतने ओर वोट का लाभ लेने के लिए राष्ट्रपति पद पर एससी,एसटी समुदाय का चयन किया है,नए संसद भवन की आधारशिला के समय तत्कालिन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को निमंत्रण नही दिया गया। अब नए संसद भवन का उद्धघाटन हो रहा है तो वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नही किया जा रहा है, यह बेहद दुर्भाग्यजनक है ।

संसद भारतीय गणतंत्र का सर्वोच्च सदन है और राष्ट्रपति सर्वोच्य संवैधानिक पद होता है, इसलिए नवनिर्मित संसद भवन का उद्धघाटन राष्ट्रपति के हाथों करवाना चाहिए था लेकिन ऐसा न कर केंद्र में बैठी मोदी सरकार का एससी,एसटी विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। पूरे देश मे इस बात की मांग उठ रही थी कि नए सांसद भवन का उद्धघाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ही होना चाहिए।

*तिवारी ने कहा की राष्ट्रपति,जो संवैधानिक प्रमुख होता है. शासन में सर्वव्यापी होता है। संविधान के तहत, भारत संघ की कार्यकारी शक्ति राष्ट्रपति के पास है. राष्ट्रपति सशस्त्र बलों के प्रमुख हैं और अनुच्छेद 53 बहुत स्पष्ट है कि मंत्री और अन्य सभी अधिकारी भारत के राष्ट्रपति के अधीन है। जिसमें पीएम भी शामिल है. अनुच्छेद 299 के आधार पर प्रत्येक अनुबंध, जिस पर भारत सरकार हस्ताक्षर करती है, भारत के राष्ट्रपति के नाम पर होना चाहिए. इसलिए नए संसद भवन के निर्माण का हर अनुबंध राष्ट्रपति के नाम पर होना चाहिए. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर सरकार ने राष्ट्रपति का अपमान किया है और भारत के संविधान की भावना का उल्लंघन किया है।*

# यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित हो कर खड़े ट्रेलर से टकराई, 1 की मौत 12 घायल





बेमेतरा। बेमेतरा जिले से एक बड़ी खबर निकलाकर सामने आ रही है। यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित हो कर खड़े ट्रेलर जा टकराई। इस हादसे में 1 यात्री की मौत हो गई है। और 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

*जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिले के नांदघाट के पास एक यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस मौके में एक यात्री के मौके पर ही मौत हो गई है और 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।*

# 2 ट्रकों की आमने-सामने से टक्कर, जिंदा जल गया ड्राइवर

## *रायपुर-जगदलपुर NH-30 पर हादसा, गाड़ियों के नंबर से मालिक का पता लगा रही पुलिस*

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर रविवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ है। दो ट्रकों की आमने-सामने से टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। जिसमें एक चालक अंदर ही जिंदा जल गया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

इधर, पुलिस वाहन के नंबर से डिटेल्स खंगाल कर मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मामला बस्तर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर की तरफ



जा रहा था तो वहीं दूसरा विपरीत दिशा से आ रहा था। इस बीच बालेंगा और भानपुरी के बीच दोनों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। एक का चालक तो किसी तरह से अपनी जान बचा कर निकल गया। लेकिन, दूसरे ट्रक का ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे के दौरान इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी। मौके पर जवान पहुंचे। जिन्होंने फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुलाया। आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग बुझाने के बाद अंदर से एक जली हुई लाश को बरामद कर लिया गया है। जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। फिलहाल ट्रक चालक का नाम और वह कहां का रहने वाला था। इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ट्रक के नंबर प्लेट से उनके मालिकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि, इनमें से एक ट्रक के चालक को झपकी आ गई होगी। जिससे वह सामने से आ रहे दूसरे ट्रक को टक्कर मार दिया होगा। हालांकि, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को समस्त कार्यालीन स्टाफ एवं थाना चौकी प्रभारियों द्वारा नवीन पदस्थापना पर जिले से भावभिनी विदाई दी गई।**

# नये पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव का पुष्पगुच्छ से किया गया स्वागत

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह का जिला कबीरधाम से जिला बलरामपुर में स्थान्तरण हो जाने पर दिनांक-27.05.2023 को रात्रि 8:30 बजे पुलिस लाइन स्थित फोर्स एकेडमी परिसर में पुलिस के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी व कार्यालयीन स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया था, साथ ही नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव का जिले में पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

विदाई समारोह में वन मंडल अधिकारी चूड़ामणि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती





मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा संजय ध्रुव, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक, उप. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार एवं जिले के सभी थाना प्रभारी एवं कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह को भावभीनी विदाई देकर नवागंतुक पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव का स्वागत अभिनंदन किया।

# कार ने बाइक सवार को 20 मीटर तक रौंदा, आरोपी मौके से फरार




**बिलासपुर।** जिले के तखतपुर में सड़क हादसा हुआ है. यहां लापरवाही पूर्वक एक कार चालक ने कार चलाते हुए बाइक सवार बुजुर्ग को रौंद दिया. इस हादसे में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया है। वहीं कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया है. यह मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है. इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, तखतपुर थाना क्षेत्र के राष्टीय राज्यमार्ग बिलासपुर - मुंगेली के जोरापारा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी कार को कार चालक लेकर मोड़ने की कोशिश करने लगा तभी बाइक वहां से गुजर रही बाइक की उससे टक्कर हो गई।

**अव्यवस्था... प्लेटफार्म पर गर्म हवा के थपेड़ों से हजारों यात्री रोज झुलस रहे हैं**

# भीषण गर्मी और ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों को किया हलाकान

**रायपुर।** नौतपा के बीच रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है । इसका सबसे बड़ा कारण राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में अव्यवस्था है और इसे अव्यवस्था के बीच यात्रियों में ट्रेनों की लेटलतीफी से असमंजस की स्थिति है और साथ ही साथ गर्मी के कारण भारी परेशानी भी।




### नोजल खराब फौवारे बंद

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गर्म हवा के थपेड़ों से हजारों यात्री रोज झुलस रहे हैं। शेड में जो पाइप पानी की फुहारों के लिए लगाई है, उसका नोजल खराब होने से फुहारे बंद है। वहीं प्लेटफार्म तीन और पांच पर लगे पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। ऐसे हालत में जहां ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री तप रहे है,वहीं ट्रेनों में सफर करने वाले पसीना बहा रहे हैं।

### ट्रेनें निर्धारित समय पर नहीं

हावड़ा-मुंबई और कटनी, बिलासपुर, रायपुर रेल लाइन की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। यह सिलसिला एक दिन का नहीं, बल्कि पिछले कई महीनों से चल रहा है।दर्जनों ट्रेनें आठ से दस घंटे देरी से पहुंच रही है। इससे यात्री गर्म थपेड़ों के बीच रेलवे स्टेशन में अपने गंतव्य तक जाने ट्रेनों का इंतजार करने को विवश है।

उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, मध्यप्रदेश, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों आने वाली ट्रेनें आठ से 10 घंटे लेट से रायपुर पहुंच रही है। यात्रियों का सफर 15 से 20 घंटे में पूरा हो रहा है। सुबह की ट्रेनें दोपहर और शाम तक रायपुर स्टेशन पहुंच रही हैं। कई महीनों से आजाद हिंद एक्सप्रेस 12 से 14 घंटे की देरी से आ रही है। दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, सारनाथ, शिवनाथ एक्सप्रेस, अमरकंटक, छत्तीसगढ़, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, आजाद हिंद, अहमदाबाद एक्सप्रेस, मुंबई मेल, बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस, कविगुरु एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस और डाउन आजाद हिंद,पुरी आदि ट्रेने रोज लेट से आ जा रही है।

रायपुर रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनें समय पर चल रही हैं, परंतु लंबी दूरी की ट्रेनें जरूर घंटों देरी से चल रही हैं। इसके पीछे कई वजह है। इन दिनों कई सेक्शनों में रेल विकास का काम चल रहा है। इसका असर ट्रेनों की आवाजाही पर पड़ना संभाविक है। आने वाले समय में व्यवस्था दुरूस्त होगी।

**- सीनियर स्टेशन मास्टर चंद्रशेखर महापात्र**

# छत्तीसगढ़ में बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट

## 30 से 40 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा, गरज-चमक के साथ पड़ेंगी बौछारें

**रायपुर।** राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में आज फिर से मौसम बदलने वाला है। दोपहर बाद आंधी-तूफान से लोगों की परेशानी फिर एक बार बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए तेज अंधड़ और बारिश की चेतावनी जारी की है। कई जगहों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। शनिवार को बालोद, बलौदा बाजार, बलरामपुर, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सूरजपुर जिले तेज आंधी और बारिश से प्रभावित रहे। आज भी इन्ही इलाकों में इस तरह की स्थिति बनने की संभावना है।

### मौसम का असर फ्लाइट पर



*रायपुर में शनिवार शाम तेज आंधी और धूल भरी हवाओं की वजह से बिगड़े मौसम का असर फ्लाइट्स पर भी हुआ। यहां भोपाल और इंदौर की फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट किया गया। भोपाल से शाम 6 बजकर 55 मिनट पर रायपुर पहुंचने वाली फ्लाइट नागपुर जाकर रात 10 बजकर 15 मिनट पर रायपुर लौटी और रात 10 बजकर 45 मिनट पर भोपाल रवाना हुई। इसी तरह इंदौर से शाम 6 बजकर 15 मिनट पर रायपुर पहुंचने वाली फ्लाई को भी नागपुर डायवर्ट करना पड़ा। ये फ्लाइट रात 9 बजकर 45 मिनट पर रायपुर पहुंची और रात 10 बजकर 15 मिनट पर इंदौर के लिए रवाना हुई।*

# अर्थ-शास्त्र- फिरकी फेंकने वाले काम पर, कालेधन को लेकर विचित्र कहानियां

*आईपीएल, 2023 के पांच शीर्ष गेंदबाजों में चार स्पिनर (फिरकी गेंदबाज) हैं, राशिद खान, वाई चहल, पीयूष चावला और वरुण चक्रवर्ती। किसी आम व्यक्ति के लिए यह हैरत की बात हो सकती है, क्योंकि टी-20 को तेज मारक बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जाता है, जो कि दमदार शॉट लगाकर स्पिन गेंदबाज को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाना पसंद करते हैं। ऐसा लगता है कि आईपीएल से मिली सीख के कारण मौजूदा भाजपा सरकार और उसके शासन के अधीनस्थ संस्थानों में स्पिन डॉक्टरों (अपने पक्ष में नजरियों को बदलने की कोशिश करने वाले) की भारी मांग है।*

इसकी नई फसल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उन अर्थशास्त्रियों में देखी जा सकता है, जो कि सरकार के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। ऐसा एक दैवीय अवसर 19 मई, 2023 को आया जब रिजर्व बैंक ने 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की। स्पिन डॉक्टरों ने तर्क दिया कि यह नोटबंदी नहीं है। याद करें, 2016 में भी अधिसूचनाओं और परिपत्रों में वापसी शब्द का उपयोग किया गया था, न कि नोटबंदी का।

हमारे जेहन में आठ नवंबर, 2016 की तारीख ताजा हो गई। उस दिन, सम्माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर नाटकीय तरीके से घोषणा की कि पांच सौ और हजार रुपये के नोट अब वैध मुद्रा नहीं रह गए हैं। एक झटके में उस समय चलन में मौजूद 86 फीसदी मुद्रा को अवैध घोषित कर दिया गया। इसके फलस्वरूप अव्यवस्था फैल गई। उन भयानक दिनों को याद करने से कोई सार्थक उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

## तर्कों के विरुद्ध

आठ नवंबर, 2016 को सरकार ने चुपके से 2,000 रुपये का नया नोट भी जारी करने का फैसला लिया। स्पिन डॉक्टरों ने इस फैसले को रिमॉनिटाइजेशन (पुनर्मुद्रीकरण) करार दिया। लोग एक नया शब्द डिमॉनिटाइजेशन (विमुद्रीकरण या नोटबंदी) सीख ही रहे थे और इस नए शब्द पुनर्मुद्रीकरण से उनका दिमाग चकरा गया। सरकार ने 500 और 1,000 रुपये के नोटों को क्यों खत्म किया और उसके साथ ही 2,000 रुपये के नोट क्यों जारी किए? पुराने नोटों को एक अलग रंग और आकार और नई विशेषताओं के साथ उसी मूल्य के नए नोटों से क्यों नहीं बदला जा सकता था?




आईएमएफ में भारत के मनोनीत कार्यकारी निदेशक केवी सुब्रमण्यम ने सबसे आश्चर्यजनक स्पष्टीकरण दिया कि 2,000 रुपये का नोट काले धन के जमाखोरों को लुभाने के लिए था, ताकि सात साल बाद उन पर झपट्टा मारकर काले धन को जब्त कर लिया जाए!

नोटबंदी के तीन घोषित उद्देश्यों पर गौर करें, तो 2,000 रुपये के नोटों ने इनमें से एक को भी पूरा नहीं किया ‒ फर्जी नोट का खात्मा, काले धन का पता लगाना और फर्जी नोट के जरिये होनेवाली मादक पदार्थों की तस्करी तथा आतंकी फंडिंग पर रोक। जमाखोरों, मादक पदार्थों के तस्करों और आतंकियों ने खुशी से 2,000 रुपये के नोटों का स्वागत किया, क्योंकि इसने उनके काम को आसान कर दिया। सरकार के होते हुए भी लोगों ने 2,000 रुपये के नोट से किनारा कर लिया। विनिमय के माध्यम के रूप में यह बेहद ही अनुपयोगी था। बहुत कम दुकानदार और सेवा प्रदाता 2,000 रुपये का नोट लेने को तैयार होते थे। कुछ हफ्तों के भीतर ही रोजाना के नियमित लेनदेन से 2,000 रुपये का नोट व्यावहारिक रूप से गायब हो गया। फिर भी, रिजर्व बैंक ने 2018 तक 2,000 के नोट छापना और उसे जारी करना जारी रखा। अब यह पता चला है कि 2,000 रुपये के नोटों का बड़ा हिस्सा सरकारी खजानों या बैंकों की तिजोरियों में पड़ा रहा। शेष नोट नकदी का इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों के हाथों में नहीं, बल्कि आबादी के एक छोटे से हिस्से के हाथों में पहुंच गए। 2,000 रुपये के नोट को पेश ही क्यों किया गया था, इसका अब तक कोई तार्किक जवाब नहीं मिला है।

## 2023 में वापसी क्यों?

तर्क-विरोधी 2,000 रुपये का नोट अगले तार्किक प्रश्न को भी झुठलाता है ‒ आखिर इसे 2023 में क्यों वापस लिया गया? बैंकों को भेजे गए रिजर्व बैंक के पत्र के अनुसार, 2,000 रुपये का नोट अर्थव्यवस्था की तत्काल मुद्रा आवश्यकता को पूरा करने के लिए पेश किया गया था और इसने अपने उद्देश्य को पूरा कर लिया! भारत के आम लोगों को व्यावहारिक रूप से अनुपयोगी 2,000 रुपये के नोट की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कम मूल्यवर्ग के नोटों और विमुद्रीकरण के तुरंत बाद जारी किए गए 500 रुपये के नए नोटों का उपयोग करके अपनी आवश्यकताओं को पूरा किया। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं था कि 2,000 रुपये के इतने करोड़ रुपये के नोट क्यों छापे गए, जबकि लोगों ने ऐसे नोटों से किनारा कर लिया था। आरबीआई का तर्क यह था कि 2,000 रुपये के नोट की सेल्फ लाइफ चार-पांच साल है, यानी वे स्वतः नष्ट हो जाएंगे। यदि ऐसा है, तो छोटे मूल्यवर्ग के नोटों (दस, बीस, पचास या सौ) का जीवन तो और भी छोटा होना चाहिए। जिस तरह समय-समय पर उन्हें नए नोटों से बदला जाता है, उसी तरह 2,000 रुपये के नोटों को भी समय-समय पर बदला जा सकता है। कहानी में जितना घुमाव है, उतना ही स्पिन डॉक्टर अपने ही झूठ के जाल में फंसते जा रहे हैं। और इस प्रक्रिया में, भारतीय मुद्रा की अखंडता में विश्वास कम होता है। आईएमएफ में भारत के मनोनीत कार्यकारी निदेशक श्री केवी सुब्रमण्यम ने सबसे आश्चर्यजनक स्पष्टीकरण दिया था ‒ यह काले धन के जमाखोरों को लुभाने के लिए था ताकि वे 2,000 रुपये के नोटों के रूप में अपना बेहिसाब धन रखें और फिर सात साल बाद उन पर झपट्टा मारकर काले धन को उजागर/जब्त कर लिया जाए!

पी. चिदंबरम

## संपादकीय

### ध्यान भटकाने का उपाय

जिस देश में लगभग 15 प्रतिशत प्राइमरी स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक हो, वहां यह सवाल कतई अहम नहीं हो सकता कि शिक्षक स्कूलों में क्या ड्रेस पहनें। लेकिन भटकी प्राथमिकताओं के इस दौर में सरकारों ने इसी मुद्दे को अहम बना दिया है। भारत में जरूरत स्कूल सहित हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की है। शिक्षा देने वाले या पाने वाले सीखने-सिखाने के दौरान क्या पहनते हैं, यह एक प्रासंगिक मुद्दा है। जिस देश में लगभग 15 प्रतिशत प्राइमरी स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक हो, वहां यह सवाल कतई अहम नहीं हो सकता कि शिक्षक स्कूलों में क्या ड्रेस पहनें। लेकिन भटकी प्राथमिकताओं के इस दौर में सरकारों ने इसी मुद्दे को अहम बना दिया है। तो अब असम में स्कूल शिक्षक अपनी मर्जी के कपड़े पहन कर स्कूल नहीं जा सकेंगे। असम सरकार ने अब शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है। अगर शिक्षकों के एक तबके में इसको लेकर नाराजगी है, तो उसे वाजिब ही कहा जएगा। उनकी यह बात सही है कि वैसे भी तमाम शिक्षक शालीन कपड़े पहन कर स्कूलों में आते हैं। जबकि सरकार के आदेश से संदेश देने की कोशिश की गई है जैसे ज्यादातर शिक्षक अजीबोगरीब और फैशनेबल कपड़े पहन कर काम पर आते हों। बहरहाल, असम ऐसा करने वाला पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया है। असम स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड जारी करते हुए सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए टी-शर्ट, जींस और मनमानी पोशाक पहनने पर पाबंदी लगा दी है। महिला शिक्षकों के लेगिन्स पहनने पर रोक लगाते हुए उनसे सलवार सूट, साड़ी या असम की पारंपरिक पोशाक मेखला चादर पहनकर शिक्षण संस्थान में आने को कहा गया है।

## सेंगोल: भारत के सांस्कृतिक पुर्नस्थापन का प्रतीक, पूरा होगा इतिहास का एक चक्र

देश के नए संसद भवन का उद्घाटन है। इसमें चोल साम्राज्य के जिस सेंगोल (राजदंड) की चर्चा हो रही है, उसका सदियों की गुलामी के पश्चात स्वाधीनता की पूर्व संध्या पर उदय, फिर उसका साढ़े सात दशक तक विस्मृत होना और अब आजादी के अमृत महोत्सव में उसका प्रकटीकरण— वह भारत की विचारयात्रा का प्रतिनिधित्व करता है।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू द्वारा 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि में दिए प्रसिद्ध भाषण से पहले जो कुछ हुआ था, उसका अविस्मरणीय उल्लेख देश-विदेश के कई समाचारपत्रों-पत्रिकाओं की मीडिया रिपोर्टों के साथ लैरी कॉलिंस-डॉमिनिक लैपियर द्वारा लिखित फ्रीडम एट मिडनाइट (1975) आदि पुस्तकों में किया गया है। इन वृतांतों के अनुसार, जब लॉर्ड माउंटबेटन ने पं. नेहरू से पूछा कि वह किस अनुष्ठान से सत्ता-हस्तांतरण करना चाहेंगे, तब नेहरू ने सी.राजागोपालाचारी (राजाजी) से परामर्श लिया और राजाजी ने तत्कालीन तमिलनाडु स्थित शैव परंपरा के गैर-ब्राह्मण थिरुवावदुथुरई आधीनम से पारंपरिक कर्मकांड हेतु संपर्क किया। राजाजी के अनुरोध पर आधीनम ने स्वर्ण मढ़ित, पांच फीट लंबा और दो इंच मोटा राजदंड तैयार करवाया, जिसके शीर्ष पर न्याय के रक्षक और



स्वतंत्रता की पावन बेला पर आयोजित अनुष्ठान में जिस सेंगोल का उपयोग हुआ था, साढ़े सात दशक की उपेक्षा के बाद उसे नए संसद भवन में सभापति आसन के निकट स्थापित किया जाना है, जिसके संपन्न होते ही इतिहास का एक चक्र पूरा हो जाएगा।

प्रतीक- नंदी विद्यमान थे।

विशेष विमान से आधीनम के दो विशेष मुनि राजदंड के साथ दिल्ली पहुंचे। बकौल तत्कालीन मीडिया रिपोर्ट, 14 अगस्त को पहले राजदंड को माउंटबेटन को दिया गया, फिर उनसे वापस लेकर उसे गंगाजल से पवित्र किया गया। दोनों संन्यासी अपने अन्य अनुचरों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण और आनुष्ठानिक वाद्ययंत्र नादस्वरम से सुशोभित अन्य देशज परंपराओं का निर्वाहन करते हुए पं.नेहरू के तत्कालीन निवासस्थान- 17, यॉर्क मार्ग (मोतीलाल नेहरू मार्ग) पहुंचे। तब पुजारियों के पास चांदी की एक बड़ी थाली थी, जिसमें भगवान को अर्पित पीतांबरम रखा था। वैदिक छंदों के साथ पं. नेहरू को पीतांबरम ओढ़ाकर राजदंड सौंपा गया। एक पुजारी ने तंजौर से लाए पवित्र जल को पं.नेहरू पर छिड़ककर उनके माथे पर तिलक लगाया और उन्हें भगवान शिव को अर्पित कुछ पके हुए चावल दिए।

अमेरिकी पत्रिका टाइम में 25 अगस्त, 1947 को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, उसी शाम संविधान सभा के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आवास पर केले के चार पेड़ों के बीच बनाए अस्थायी मंदिर में पवित्र अग्नि प्रज्वलित की गई थी। सैकड़ों महिलाओं द्वारा वैदिक स्तोत्र के बीच पुजारी ने पवित्र जल छिड़ककर देश के भावी मंत्रियों को तिलक लगाया। इसके बाद पं. नेहरू का भाषण हुआ और फिर कक्ष अलौकिक शंखनाद से गूंज उठा। अनादिकाल से भारतीय व्यवस्था अपनी वैदिक संस्कृति और परंपराओं से पोषित होती रही है। इस अकाट्य सत्य को सत्ता हस्तांतरण हेतु वैदिक रीतियों की अनुपालना के साथ अन्य तथ्यों से भी रेखांकित किया जा सकता है। राष्ट्रपति भवन (स्वतंत्रता पूर्व वायसराय हाउस) की छतों-दीवारों पर अब भी स्वर्ण-अक्षरों में श्रीमद्भागवत गीता के कई संस्कृत श्लोकों को देखा जा सकता है। भारतीय संविधान की हस्तलिखित हिंदी-अंग्रेजी मूल प्रतियां वैदिक काल, भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, गुरुकुल, बुद्ध के उपदेश, महावीर के जीवन, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोबिंद सिंह इत्यादि की तस्वीरों से अलंकृत हैं। संविधान की मूल प्रतियों में इन सभी के चित्र इसलिए हैं, क्योंकि असंख्य स्वाधीनता संग्रामियों ने इन्हीं से प्रेरणा लेकर अपने प्राणों की आहुति दी या जेल गए, तो उन्हीं की संकल्पना पर देश के पुनर्निर्माण का मार्ग निर्धारित हुआ था।

बलबीर पुंज

## मिला जुला

# विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी रिहा, बजरंग हिरासत में

### बैरिकेड्स लांघकर संसद की ओर जाते वक्त पकड़ा था

*दिल्ली/पानीपत ए.। संसद की नई बिल्डिंग के सामने पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प हो गई। पहलवान बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और बजरंग पूनिया, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी मलिक सहित अन्य को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने धरना स्थल जंतर-मंतर पर लगे टेंट, कुर्सियां और दूसरा सामान हटाकर शाम 4 बजे उसे पूरी तरह खाली कर दिया।*





इसके बाद शाम 7.15 बजे कुछ पहलवानों को छोड़ दिया गया। विनेश फोगाट ने कहा कि मुझे, संगीता फोगाट और साक्षी मलिक को रिलीज कर दिया गया है। बजरंग पूनिया अभी भी पुलिस की हिरासत में हैं। हमने पुलिस को कहा कि बिना किसी लीगल प्रोसीजर के हमें अंदर नहीं रख सकते तो वे बोले कि हमें कानून मत सिखाओ।

दरअसल, 34 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी थी। पहलवानों ने इसके बावजूद महापंचायत का आयोजन किया और संसद की तरफ जाने लगे। इस पर उनका पुलिस के साथ टकराव हो गया।

#### पूनिया बोले- हमें गोली मार दो

पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा- क्या यह लोकतंत्र है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें गोली मार दो। इस बीच पुलिस की ओर से हिरासत में लिए जाने के बाद साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत मलिक और अन्य पहलवानों ने बस के अंदर नारेबाजी की।



#### विनेश बोली- नया देश मुबारक हो

विनेश और संगीता फोगाट को हिरासत में लिए जाने के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की पहलवानों के साथ अच्छी-खासी धक्कामुक्की हुई। जब पुलिस विनेश और संगीता फोगाट को बस में बैठाकर ले जा रही थी, तब विनेश ने कहा कि 'नया देश मुबारक हो।' उधर पहलवानों को गिरफ्तार किए जाने पर साक्षी मलिक ने कहा कि पहलवानों और बुजुर्गों माताओं को हिरासत में लेने के बाद अब पुलिस जंतर-मंतर पर उनका मोर्चा उखाड़ रही है। हमारा सामान उठाया जा रहा है। ये कैसी गुंडागर्दी है?



### पुलिस के साथ हुई झड़प

### जंतर-मंतर से पहलवानों के टेंट उखाड़े

दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल हुए। दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी है। नए संसद भवन की ओर जाते वक्त पहलवानों ने बैरिकेड्स लांघे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की और झड़प भी हुई। इस दौरान कई रेसलर्स को हिरासत में लिया गया है। पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा- क्या यह लोकतंत्र है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें गोली मार दो। पूनिया ने कहा कि साक्षी मलिक को भी हिरासत में ले लिया गया है। महापंचायत में हरियाणा, यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों के किसान शामिल होंगे। इसके चलते दिल्ली पुलिस ने सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर दी है। दिल्ली में 2 मेट्रो स्टेशनों के सभी एंट्री और एग्जिट गेट बंद कर दिए गए हैं।



# मणिपुर में पुलिस ने 40 आतंकियों को मार गिराया, 31 मई तक इंटरनेट बंद

**इंफाल ए.।** मणिपुर में पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों के जॉइंट ऑपरेशन में रविवार तक हिंसा के आरोपी 40 आतंकी मारे गए। एजेंसी ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के हवाले से बताया कि कई हथियारबंद आतंकियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। ये विद्रोही आम नागरिकों के खिलाफ रू-16 और AK-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, आतंकियों ने रविवार तड़के दो बजे इंफाल घाटी और इसके आसपास के 5 इलाकों सेकमाई, सुगनू, कुम्बी, फायेंग और सेरौ में हमला किया। CM ने दावा किया कि ये आम लोगों पर हमला कर रहे हैं। इसके बाद सुरक्षाबलों की अब तक की कार्रवाई में 40 आतंकी मारे गए। कई और इलाकों में गोलीबारी और सड़कों पर लावारिस लाशें पड़े होने की खबरें आ रही हैं।



राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने यहां सेना और अर्धसैनिक बलों को लगाया है। इसके अलावा राज्य में 31 मई तक इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है। कई जिलों में तो कर्फ्यू अभी भी जारी है। गृह मंत्री अमित शाह 29 मई से राज्य के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे।

#### मणिपुर में 3 मई से हिंसा जारी

*मणिपुर में 3 मई से कूकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा चल रही है। हिंसक घटनाओं में अब तक 75 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।*

नए संसद भवन में पीएम मोदी की पहली स्पीच

# हर देश की विकास यात्रा में कुछ पल अमर हो जाते हैं, आज ऐसा ही शुभ अवसर

**नई दिल्ली ए.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का इनॉगरेशन किया। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद थे। पीएम मोदी सुबह 7‒30 बजे नए संसद भवन पहुंचे, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और फिर हवन-पूजन में बैठे। तमिलनाडु से आए संतों के सेंगोल सौंपने से पहले पीएम मोदी ने सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने सेंगोल को सदन में स्पीकर की कुर्सी के बगल में स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान मोदी ने श्रमयोगियों का सम्मान किया, सर्वधर्म सभा भी हुई। सेंगोल स्थापना के बाद PM मोदी ने ट्वीट किया- आज का दिन हम सभी देशवासियों के लिए अविस्मरणीय है। नया संसद भवन हम सभी को गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला है। इनॉगरेशन प्रोग्राम के दूसरे सेशन में सदन में सांसद और अतिथि मौजूद थे। इन्हें सेंगोल पर बनी फिल्म दिखाई गई और PM ने 75 रुपए का सिक्का जारी किया। इसके बाद PM की स्पीच शुरू हुई।



**नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि होते हुए देखेगा-** नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से, संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। नया भवन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का आधार बनेगा। नया भवन आत्मनिर्भर भारत के नए सूर्य का साक्षी बनेगा।

# माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर नौरंगपुर में हुई कार्यशाला

## जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं कलेक्टर सिन्हा हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम-नौरंगपुर में किया गया।





इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पांच पंचायतों की महिलाओं ने अपनी सहभागिता दी। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। फिर भी आज ग्रामीण महिलाएं माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूक नहीं है। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वच्छता पर खुल कर बात करने और लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के लिए माहवारी स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे उनमें जागरूकता आए। यह पंचायत 100 प्रतिशत माहवारी स्वच्छता युक्त पंचायत है। जो सरपंच पद्म लोचन पटेल व जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत से यह संभव हो पाया है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ग्राम वासियों को बधाई दी व आगे सेनेटरी पैड के सुरक्षित निपटान हेतु ग्राम पंचायत की महिलाओं को मटका इंसिनेटर बनाने हेतु मटका प्रदान भी किया। सीईओ मिश्रा ने जिले में चल रहे पावना मुहिम के बारे में विस्तृत चर्चा की। नोडल मोनिका इजारदार व एसबीएम टीम के द्वारा माहवारी स्वच्छता के संबंध में पंचायत की महिलाओं को डेमोस्ट्रेशन करके दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी व एनएसएस के हेड भोजराम पटेल सभी वोलेटियर नेहरू युवा केंद्र के हेड चंद्रभूषण आसपास के पंचायतों के टीचर्स व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सुपरवाइजर, युवा मितान क्लब के सदस्यों ने रेड डॉट चैलेंज बनाकर माहवरी स्वच्छता को सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके अपनाने हेतु जिले को एक सकारात्मक सन्देश दिया। जहां महिलायें माहवारी पर खुलकर बात नहीं कर पाती थी आज वो इस विषय पर कार्यक्रम कर रही है यह बढ़ी उपलब्धि है। इसी प्रकार अन्य पंचायत भी कार्य करें व जिले को 100 प्रतिशत माहवारी स्वच्छता युक्त जिला बनाने हेतु लोग संकल्पित हो।

### नवरंगपुर में पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल एवं कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत नवरंगपुर में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। उक्त पुस्तकालय का निर्माण ग्राम पंचायत नवरंगपुर के सरपंच पदमलोचन पटेल के सफल प्रयासों से हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने भी स्थानीय नागरिकों को और विद्यार्थियों को पुस्तकालय में अधिक से अधिक समय व्यतीत करने तथा ज्ञान में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बच्चों और विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास खेलों और किताबो से अच्छी तरह से हो सकता है। पंचायत में पुस्तकालय का होना यहां के लोगों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही साथ पुस्तकालय का संचालन ग्राम पंचायत नवरंगपुर के युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा संचालन किया जायेगा।

### विनोबानगर आंगनबाड़ी केन्द्र भी मनाया गया माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम

*रायगढ़ के विनोबानगर आंगनबाड़ी केन्द्र में भी माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दिव्या राजपूत ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक चक्र की शुरुआत वाली उम्र में किशोरियों को सही सलाह की बहुत जरूरत होती है। माहवारी या मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिए जाने से संक्रमण का खतरा रहता है जिससे प्रजनन स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए विशेषकर किशोरियों के अभिभावकों को भी माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक करना जरूरी है।*

## समाचार सार

### पूर्णतः निशुल्क होगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जनता के लिए प्रवेश, नही लगेगा कोई पास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ आगामी माह राममय होने जा रहा है। 01 से 03 जून तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जनता का प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार के पास की आवश्यकता नही होगी। आम जन सत्तीगुड़ी चौक की ओर से कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश कर सकते हैं। आम जन के वाहन के पार्किंग के लिए भी पृथक से व्यवस्था की जा रही है। आम जन की फोर व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था गर्ल्स कॉलेज परिसर, गांधी गंज में की गई है। वहीं टू व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था सेवा कुंज परिसर के पास, हंडी चौक में की गई है।




कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि महोत्सव में विशेष रूप से अरण्य कांड पर केंद्रित रामायण गाथा की प्रस्तुति होंगी। मान्यता है कि भगवान श्री राम अपने वनवास काल के दौरान ज्यादातर समय छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य में बिताए थे। महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों द्वारा भी आकर्षक स्वरूप में रामगाथा का मंचन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस वृहद आयोजन में प्रतिदिन राष्ट्रीय स्तर के बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियाँ भी होंगी। 1 जून को इंडियन आइडल फेम शंमुख प्रिया और सारेगम फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगे। वहीं 2 जून को मशहूर गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा की संगीतमय प्रस्तुतियाँ होंगी। 3 जून को लोकप्रिय भजन गायिका मैथिली ठाकुर और देश के मशहुर कवि कुमार विश्वास की प्रस्तुति से रामभक्ति की धारा बहेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य शासन द्वारा राम-वन-गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत भगवान श्री राम के वनवास काल के दौरान यात्रा से जुड़े प्रदेश की ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक जहाँ-जहाँ श्री राम के चरण पड़े हैं, उन स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है।

### मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की योजना के लिए भाजपा लोकसभा कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**कोरबा** । लोकसभा महासंपर्क अभियान एवं मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून 2023 तक होने वाले विशेष जन संपर्क अभियान के कार्यक्रमों को लेकर लोकसभा कोर कमेटी की बैठक पंचवटी विश्रामगृह सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर प्रभारियों के नामों व कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोतीलाल साहू ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक चलने वाले लोकसभा प्रवास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा के सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने आगे कहा कि जून माह में केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह के कोरबा लोकसभा क्षेत्र के संभावित दौरे को लेकर कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं ।

### नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । कोरबा जिले के जड़गा चौकी क्षेत्र में 3 महीने पहले नाबालिग के साथ हुए रेप के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अलौकिक प्रसाद 25 वर्ष ने घर में जबरदस्ती घुसकर 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था और फिर उसे डरा-धमकाकर किसी और से ये बात नहीं कहने की हिदायत दी थी। पीड़िता के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जड़गा चौकी इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक गांव का रहने वाले अलौकिक प्रसाद कंवर ने उसी गांव में रहने वाली 14 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। जिस वक्त वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त घर में कोई नहीं था। सभी अपने काम पर गए थे।

## गौठान से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

**कोरबा** । प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के तहत निर्मित गौठान ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार का प्रमुख केंद्र बना है। गौठान में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन करके महिला समूहों को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुई है एवं अपने व अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनी है।

इसी कड़ी में करतला जनपद पंचायत के कोटमेर गौठान में संचालित अनेक रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वालम्बन के पथ पर अग्रसर हो रही है। घर के काम काज में अपना समय व्यतीत करने वाली इन महिलाओं के पास आजीविका का अन्य कोई साधन नही था। ये महिलाएं घरेलू कार्यो के साथ ही रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे। सीमित आय होने के कारण उन्हें सदैव आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

# पहले करती थी रोजी-मजदूरी अब गोठान के माध्यम से महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शासन की महत्वपूर्ण गोधन न्याय योजना अब महिलाओं के सशक्तिकरण में महती भूमिका निभा रही है। यही कारण हैं कि कल तक रोजी-मजदूरी में संलग्न रहने वाली महिलाएं आज गोठान से जुड़कर समूह के माध्यम से वर्मी उत्पादन, केंचुआ पालन एवं बाड़ी विकास जैसे गतिविधियां संचालित कर लाखों रूपए कमा रही है। जिससे वे आज आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर चलाने में सहयोग भी कर रही है।

विकासखंड पुसौर के ग्राम बरपाली में स्थित गोठान में जहां महिला समूह अपने घरों के कामों को निपटाकर गोठान में पहुंच अपने नियमित गतिविधियों का संचालन कर रही है। गोठान की श्री शारदा महिला स्व-सहायता समूह एवं गंगा स्व-सहायता समूह की महिलाओं की लगन और जज्बा का ही कमाल है कि वे छोटे-छोटे समूह के रूप में कार्य करते हुए लाखों रूपए कमा चुकी है। श्री शारदा महिला स्व-सहायता समूह की आनंद कुंवर मैत्री कहती है, गोठान के बनने से महिलाओं को उसका लाभ मिला है। पहले गांव की महिलाएं गोठान के कार्यो में रूचि नही दिखाती थी। उन्होंने पहले वर्ष तीन सदस्यों से वर्मी कम्पोस्ट बनाना प्रारंभ किया था, जब पहली राशि मिली तो उत्साह बढ़ा और अब तक कुल 600 क्विंटल से अधिक का वर्मी कम्पोस्ट बना कर लगभग 2 लाख 50 हजार की अधिक की राशि प्राप्त कर चुके है। उनके समूह के कार्यो से प्रभावित होकर गंगा स्व-सहायता समूह द्वारा भी वर्मी उत्पादन प्रारंभ किए। गंगा स्व-सहायता समूह की श्याम बाई बसंत बताती है कि उनके समूह के 4 सदस्यों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट बनाकर 50 हजार से अधिक की राशि अर्जित की है। इसी तरह अब गतिविधियां बढ़ने के साथ महिलाएं समूह में जुड़ने लगी है।

मैत्री ने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने नेकलेस और पायल भी खरीदी है, वही अन्य सदस्य भी ज्वैलरी खरीदने वाली है। इसके साथ ही समूह की महिलाएं प्राप्त राशि से गांव के जरूरतमंदों को पैसे देने का कार्य भी कर रही है। उनका कहना है कि जरूरतमंदो को समय में पैसे देने से उनका काम भी हो जाता है और सहयोग भी हो जाता है। वे बताती है कि गोठान के निर्माण के बाद से वे आर्थिक रूप से मजबूत हुई, इससे घर चलाने में सहयोग मिल रहा है। आज उनके बच्चे के साथ समूह की सुशीला साव, पुष्पा सिदार के अलावा समूह की अन्य महिलाओं के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाई कर रहे है।

### टमाटर से कमाए डेढ़ लाख से अधिक की राशि, एप्पल बेर की बनाई जा रही कार्ययोजना

गोठान में कार्यरत श्री शारदा स्व-सहायता समूह एवं गंगा स्व-सहायता समूह के साथ अन्य समूह की 8 सदस्यों ने गोठान में सामूहिक बाड़ी विकास कार्य करते हुए टमाटर की खेती की। गोठान में अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को सामूहिक खेती के फायदे से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जमीन की उर्वरा शक्ति की जांच कराकर टमाटर खेती की गई। खेती प्रारंभ करने के लिए आवश्यक ड्रिप संबंधी उपकरण, खाद, फर्टिलाइजर, कीटनाशक दवाओं तथा उन्नत किस्म के पौधों और बीजों का सहयोग प्रदान किया गया। जिससे पश्चात समूह ने कार्य करते हुए लगभग डेढ़ लाख से अधिक का टमाटर उत्पादन कर कमाएं। इसके अलावा समूह आगामी दिनों खीरा लगाने की तैयारी कर रही है, साथ ही एप्पल बेर के लिए भी वृहद कार्ययोजना बनायी जा रही है, ताकि अतिरिक्त आय में और वृद्धि हो सके।





# सूने मकान में चोरी की रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर चक्रधरनगर पुलिस ने नाबालिग समेत 3 आरोपियों को पकड़ी

*** आरोपियों से मकान में चोरी सारे समानों के साथ चोरी की 2 बाइक भी बरामद**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कल थाना चक्रधर नगर में लोचन नगर एलआईजी में रहने वाले शैलेश अग्रवाल 58 साल द्वारा उनके टीवी टावर हाउसिंग बोर्ड के पीछे छोटे अतरमूडा स्थित बंद मकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा घर अंदर रखे एचपी के 3 नग गैस सिलेण्डर, कांसा का 4-5 नग बर्तन, पीतल का 2-3 नग बर्तन, पानी का 3-4 हण्डा और नगदी रकम 5,000 की चोरी कर ले जाना बताये, चोरी की रिपोर्ट पर थाना चक्रधर नगर में अज्ञात आरोपियों पर नकबजनी का अपराध क्रमांक 244/2023 धारा 457,380 आईपीसी दर्ज कर चक्रधरनगर पुलिस माल मुलजिम की पतासाजी में जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन और महत्वपूर्ण निर्देशों पर थाने के सभी विवेचकों को मुखबिरों से जानकारी लेकर शीघ्र माल मुलजिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। शीघ्र चक्रधर नगर पुलिस द्वारा ह्यूमन हिंट के आधार पर स्थानीय तीन लड़के प्रभात राय, शिव सारथी और उनके एक नाबालिक साथी को हिरासत में ली। प्रारंभिक पूछताछ पर तीनों



संदेही अपराध से मुकर रहे थे जिन्हें पुलिस स्टाफ द्वारा अलग-अलग पूछताछ करने पर तीनों के अलग-अलग बयान थे जिसके बाद उनसे कड़ी पूछताछ करने पर तीनों ने 7 मई की रात छोटे अतरमुड़ा में सूने मकान में चोरी करना और 2 महीने पहले इतवारी बाजार से दो बाइक चोरी कर छुपाकर रखना बताए। आरोपियों ने बताया कि वे मजदूरी का काम करते हैं, अपने बेफिजूल खर्चे के लिये 7 मई के रात करीब 11 बजे तीनों एक साथ मिलकर लोहा चोरी के इरादे से छोटे अतरमुड़ा, टीवी टावर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे घूमे। इस दौरान छोटे अतरमुड़ा के एक सूने मकान को देखकर अंदर घुसे, जहां से गैस सिलेंडर, कांस और पीतल के बर्तन, पानी रखने का हंडा चोरी किए और सभी आपस में बांट लिए थे। आरोपियों से जब अन्य चोरियों के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया तो आरोपियों ने बताया कि तीनों मिलकर 2 महीने पहले इतवारी बाजार रायगढ़ से दो मोटरसाइकिल एक डिस्कवर लाल रंग की ओआर 14 एम 8221 तथा एक बिना नंबर लाल कलर का प्लेटिना की चोरी किए थे। इन मोटरसाइकिलों को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे पर बेच नहीं पाए थे। आरोपियों के कब्जे से सूने मकान से चोरी सारे सामनों के अलावा 2 मोटर सायकल की जब्ती की गई है इस प्रकार दोनों अपराधियों से चक्रधर नगर पुलिस द्वारा आरोपियों से सवा लाख रुपए से अधिक कीमत की संपत्ति जप्त किया गया है। आरोपियों पर पृथक-पृथक से इस्तगासा धारा 41(1-4)सीआरपीसी, 379 आईपीसी के तहत कार्यवाही किया गया है। अपचारी बालक समेत तीनों आरोपियों को दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय पेश किया गया है।

# शिक्षा गुणवत्ता विकास के लिये रायगढ़ में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले के स्कूलों में गुणवत्ता विकास के लिये कलेक्टर रायगढ़ तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष आयोजित हुई। इस दौरान सातों विकासखण्ड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी एवं गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के अध्यापन करने वाले चयनित शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सीईओ मिश्रा ने विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के अध्यापन के दौरान कौन-कौन सी परेशानी होती है, साथ ही बच्चों में निर्धारित न्यूनतम अधिगम किस तरह प्राप्त की जा सकती है, बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि कैसे विकसित होगी इसकी जानकारी प्राप्त किए। सीईओ मिश्रा ने प्रत्येक स्कूलों में विज्ञान की अभिरुचि बच्चों में कैसे विकसित हो इसके लिए क्या प्रयास करते हुए इसकी संकुलवार एवं स्कूलवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। कार्यशाला के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कबाड़ से अध्ययन सामग्री तैयार कर सभी स्कूलो में उपयोग करने के निर्देश दिये। साथ ही नवीन सत्र में स्कूल खुलते ही कक्षा 6 से 12 तक कि कक्षाओं में नियमित रूप से प्रायोगिक कक्षायें अनिवार्य रूप से प्रारम्भ करने एवं नियमित रूप से अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि जागृत करने, गणितए विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय के डर को दूर करने एवं सरल तरीके से किसी पाठ का अध्यापन कैसे किया जाय, इसके लिए तीनो विषयों के विषय शिक्षकों की जिला स्तरीय, विकासखण्ड स्तरीय एवं संकुल स्तरीय समिति गठित की जायेगी। जो उक्त तीनों विषयों में अध्यापन में आने वाली समस्याओं का समाधान करेगी, साथ ही शिक्षकों को विषय अध्यापन में हो रही परेशानियों को दूर करने में सहयोग करेगी। जिसके लिये तीनो विषयों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर अध्यापन करने वाले सभी शिक्षकों को जोड़ने के निर्देश दिये गए।

कार्यशाला में शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा ने बच्चों को अध्यापन करने के नए-नए तरीके अपनाकर रोचक तरीके से पढ़ाने का अनुरोध किया ताकि विषय वस्तु बच्चों को अच्छे तरीके से समझ आ सके। कार्यशाला के दौरान डीईओ बी.बाखला ने शिक्षकों से एन.ई. पी.2020 को विस्तार से अध्ययन कर दिये गए लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएमसी नरेन्द्र चौधरी ने शिक्षकों के द्वारा कक्षा शिक्षा के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने साल भर तक गुणवत्ता विकास के लिये किस तरह की कार्यवाही की जानी है और क्या-क्या कार्य पूर्ण करना है, इसकी विस्तार से जानकारी देते हुये जिले में गुणवत्ता विकास में सभी शिक्षकों से सहयोग करने का आग्रह किया। एपीसी आलोक स्वर्णकार द्वारा एनएएस एवं आंसर रिपोर्ट में जिले की वर्तमान स्थिति एवं बेहतर सुधार के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा किया। इसी तरह की कार्यशाला का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कर कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिये गये, ताकि गुणवत्ता विकास धरातल पर दिख सके। कार्यशाला के दौरान एपीसी भूपेंद्र पटेल, एपीसीए प्रभारी मनोज पटेल सीएसी के साथ सभी विकासखण्ड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी एवं विषय-विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित थे।



# भारतीय स्टेट बैंक सक्ती की ओर से 29 महिला समूह सखियों को 87 लाख के ऋण स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा सक्ती की ओर से 29 महिला स्व सहायता समूह व सखियों को 87 लाख का ऋण स्वीकृति किया गया है सक्ती स्टेट बैंक शाखा ने अंचल के महिलाओं को वित्तीय समावेशन कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीकांत गुड़ी वाला एम बिलासपुर अध्यक्षता जनपद सीईओ जोगेन्द्र साहू आलोक जैन क्षेत्रीय प्रबंधक शाखा प्रबंधक विवेक शांडिल्य के नेतृत्व में किया गया। सक्ती भारतीय स्टेट बैंक की ओर से अभिलाषा रेस्टोरेंट में महिला स्वयं सहायता समूह और सखियों को बैंक द्वारा राष्ट्रीय




ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्टार सखी योजना के अंतर्गत 3 लाख रुपए का ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें महिला स्व सहाय समूह महिला स्व सहायता समूह को ऋण स्वीकृति पत्र को वितरण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा की ओर से सखियों को आत्मनिर्भर बनाने और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर उक्त कार्य किए जा रहे हैं। जानकारी हो कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के अंतर्गत 87 लाख खुदरा ऋण का स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए है। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए



भारतीय स्टेट बैंक के जीएम श्रीकांत गुड़ी वाला द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे महिला समूह को जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि कार्यालय में जो प्रकरण आते महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए ऋण वितरण किए जा रहे हैं लगातार सभी समूह महिला से कहना चाहूंगा कि आप सभी मार्केट से राशि लेते हैं तो बहुत ज्यादा ब्याज में लेते होंगे लेकिन भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है और रोजगार मुहैया के लिए कम ब्याज दर में बैंक लोन दे रहा है उसका आप सभी को सही कार्यो में सदुपयोग करना होगा बहुत से गरीब लोग जम्मू कश्मीर कमाने खाने जाते रहते है ऐसे पलायन को रोकते हुए बैंक आप लोगो को कम ब्याज में लोन दे रही है इनका आप सभी अच्छे से सदुपयोग कीजिये किसी को भी पलायन करने की जरूरत नही पड़ेगी इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक शाखा सक्ती के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा रेस्टोरेज में रखा गया। जिसमें 29 समूह को ऋण पात्रता के आधार पर 3-3 लाख रुपये चेक का प्रदान किया गया।

## अवैध संबंध के शक में हत्या करने वाले सगे भाइयों को उम्र कैद

**कोरबा** । अवैध संबंध के शक में पति ने अपने भाई के साथ पत्नी व संबंधित व्यक्ति की हत्या करने सोते वक्त टंगिया से हमला कर दिया। रात होने की वजह से पत्नी के स्थान पर संबंधित व्यक्ति के पिता की हत्या कर दी, जबकि संबंधित व्यक्ति घायल हो गया। मामले में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने दोनों भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

घटना पाली थाना अंतर्गत ग्राम बांधाखार की है। 17 सितंबर 2020 को मनोहर मरावी ने पाली पुलिस में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम के निवासी शिव सिंह व उसके पिता चमरा सिंह शराब पीने के आदी थे। जो बांधाखार में निवासरत गोरे लाल की पत्नी मीना कोल के पास शराब पीने जाते थे। इस संबंध में अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार मानद ने बताया कि 16 सितंबर 2020 को रात्रि आठ बजे चमरा सिंह व शिव सिंह घर से निकले थे, पर रात भर घर वापस नहीं आए। दूसरे दिन ग्राम सरपंच द्वारा मोबाइल फोन पर सूचित किया गया कि चमरा सिंह, मीना बाई के घर कमरे में मृत तथा शिव सिंह गोड़ घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने पर थाना पाली पुलिस घटनास्थल पहुंची। विवेचना के दौरान पता चला कि गोरे लाल कोल अपने पत्नी मीना कोल के साथ आहत शिव सिंह के साथ संबंध होने का शंका करता था। इसलिए गोरे लाल कोल ने अपने छोटे भाई मुरित राम कोल के साथ हत्या करने की योजन बनाई।

सफलता की कहानी

## गोडम गौठान है स्वसहायता समूहों की आजीविका का आधार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

जिले के सारंगढ़ विकासखंड के गोडम गोठान का परिसरए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के सहयोग ने 6 महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका के लिए आधार प्रदान किया है। आमतौर पर किसी आजीविका का वित्तीय सहारा मजबूत नहीं होता तो उसकी बुनियाद कमजोर मानी जाती है। इसी बुनियाद को राज्य सरकार ने स्थापित किया है। गौठान, आजीविका के लिए सभी स्व सहायता समूह को स्थान दे रहा है। वहीं बिहान और रीपा समूह को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। सावित्री स्व सहायता समूह



आचार, बड़ी और साइकिल का सजावटी फूल बना रही है। इस समूह को दो लाख का ऋण मिला है। इनके समूह में 10 सदस्य हैं। गोठान की गरिमा स्व सहायता समूह को रीपा की ओर से एक लाख 30 हजार रुपए का ऋण मिला है, जिनसे वह मुर्रा मशीन खरीदी है। इसी प्रकार महालक्ष्मी समूह को आलू चिप्स के व्यापार के लिए 7 लाख 85 हजार रुपए का पहली किस्त मिला है जिससे उन्होंने लगभग 10 लाख का मशीन खरीदी की है। मशीन को स्थापित करने, उत्पादन और भंडारण के लिए गौठान परिसर में में एक बड़ा सा शेड बना हुआ है। शीघ्र ही उत्पादन शुरू किए जाएंगे। संतोषी स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी कंपोस्ट से जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। पिछले दिनों 257 बोरी जैविक खाद की बिक्री की गई है और 150 बोरी की बिक्री कुछ दिनों में किया जाना है। इस समूह द्वारा फ्लाई ऐश ब्रिक्स की मशीन स्थापित हो चुकी है। इससे ईंट और सीमेंट खंभा का उत्पादन भी शुरू हो गया है। उजाला स्व सहायता समूह द्वारा गौठान परिसर में मुर्गी फार्म का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार सुरभि स्व सहायता समूह द्वारा 25 लाख के लोन से प्रिंटिंग पैकेजिंग मशीन खरीदी की गई है और मशीन से उत्पादन चालू है। सभी समूह निरंतर कार्य कर रहे हैं। इनकी उपलब्धि और विकास ही राज्य सरकार की मंशा है।

# विधानसभा चुनाव संबंधी बैठक में शामिल हुई कलेक्टर डॉ सिद्दीकी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिखा राजपूत तिवारी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस की बैठक में कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी शामिल हुई।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कलेक्टरों को कहा कि जिले से कोई समस्या हो उसकी और विधानसभा चुनाव 2023 की आपके जिले से संबंधित क्या तैयारी हुई है इसकी जानकारी दें। बैठक में कहा गया कि कोई परिवार न छूटे एक मकान में कितने मतदाता है, उसका भौतिक सत्यापन किया जाना है। मतदाता सूची तैयार किया जाना है। दावा आपत्ति के लिए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। 18 वर्ष आयु के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाना चाहिए। जिन मतदाताओं का नाम हटवाना चाहते हो उनको भी निर्धारित प्रपत्र में जानकारी निर्वाचन कार्यालय में जमा करना चाहिए ताकि उनके द्वारा अन्यत्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है। इस प्रकार मतदाता, अपने मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है और हटवा भी सकता है। बैठक में कहा गया कि एक परिसर में कितने मतदान केंद्र संचालित है, मतदान केंद्र भवन किसका है, निजी, शासकीय, सार्वजनिक, धार्मिक इसका भौतिक सत्यापन किया जाना है। जिन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में है, वह अब तक किए गए चुनावी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग और आवश्यक कार्य का निष्पादन करेंगे। किसी भी मतदाता का नाम जोड़ना और हटाना नियमानुसार ही किया जाना है। प्रभारी अधिकारी इस कार्य का प्रतिदिन निगरानी रखेंगे।

*चुनावी प्रक्रिया, कानून, दिशा निर्देश, नवीनतम अपडेट आदि की जानकारी सभी अधिकारियों कर्मचारियों को होनी चाहिए। बैठक में कहा गया कि मतदाता सूची और चुनाव के सभी कार्यों को प्राथमिकता, विशेष निगरानी एवं त्रुटि रहित कार्य करना है। किसी प्रकार की लापरवाही के लिए अधिकारी कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।*

एक नजर

## चांटीपाली में सम्पन्न हुआ माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



माहवारी स्वच्छता दिवस 28 मई के अवसर पर जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम चांटीपाली लेन्धरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान थे। इस कार्यक्रम का उद्देश किशोरियों और महिलाओं के आत्म सम्मान एवं स्वास्थ्य के बारे में जनमानस में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता के संबंध में किशोरियों और महिलाओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं का हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जांच कर सामान्य बीमारियों का इलाज किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसान नेता ने बेरला में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच मनाया जन्मदिन, पिरदा में जुटे हजारों समर्थक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेरला विधानसभा क्षेत्र के बेरला ब्लाक में हजारों समर्थकों ने किसान नेता योगेश तिवारी का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया। ग्राम पिरदा में आयोजित समारोह में विधानसभा क्षेत्र से हजारों समर्थक पहुंचे थे। सुबह से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। किसान नेता ने बेरला शहर समेत ग्रामीण अंचल में अपने समर्थकों के बीच जन्मदिन मनाया। इस दौरान समर्थकों ने किसान नेता का भव्य स्वागत करए मुंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाई दी। क्षेत्र की महिला संगठन, सामाजिक संगठन समेत अन्य संस्थाओ ने किसान नेता का जन्मदिन को मनाया। किसान नेता ने 40 से अधिक स्थानों पर समर्थकों की ओर से लाए गए केक को काटकर जन्मदिन मनाया। आयोजन में विधानसभा क्षेत्र से हजारों समर्थक व ग्रामीण शामिल हुए। बेरला में जगह-जगह समाज प्रमुख की ओर से किसान नेता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसान नेता ने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेमेतरा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जो स्वागत और सम्मान किया है। उससे में अभिभूत हूं। आप सभी मेरे परिवार के सदस्य की तरह है। यह सम्बन्ध हमेशा बना रहेगा।

## कांग्रेस भवन में पं. नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई

**धमतरी** । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा राजीव भवन धमतरी में पंडित नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई कांग्रेसियों ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए मार्ग, उनके आदर्श, सिद्धांतों और कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने की बात रखी जिला अध्यक्ष शरद ने स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरु की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की प्रथम प्रधानमंत्री की बागडोर संभाली उस समय सुई तक भी विदेशों से आयात की जाती थी। इस अवसर पर मोहन लालवानी ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश को आजादी दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

# नशे के कारोबार पर जयनगर पुलिस की कार्यवाही

### 20 हजार रूपये कीमत के नशीली इंजेक्शन सहित 2 गिरफ्तार




जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में बीते दिन थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम संजयनगर मेन रोड नेशनल हाईवे 43 किनारे 2 व्यक्ति स्कूटी में अम्बिकापुर से अपने पास नशीली मादक पदार्थ इंजेक्शन रखकर बिक्री हेतु रविन्द्रनगर की ओर जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जेपी भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना जयनगर पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर स्कूटी सहित जगरनाथ साहू पिता मेघनाथ प्रसाद साहू उम्र 30 वर्ष निवासी मणिपुर व मुकेश राजवंशी पिता निखिल राजवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रविन्द्रनगर, थाना जयनगर को पकड़ा जिनके कब्जे से 30 नग एविल इंजेक्शन एवं 30 नग ठनचतमतंले इंजेक्शन कुल 60 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 20 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई राकेश यादव, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक राजकुमार पासवान, विकास मिश्रा, नीरज झा, रमेश कसेरा व नीरज सिंह सक्रिय रहे।

# ओड़िसा के सरकारी भट्टियों से 90 फीसदी शराब की खपत छत्तीसगढ़ में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ शहर समेत पूरे रायगढ़ जिले में शराब के शौकीन लोगों को पिछले करीब तीन महीनों से अपने मनपंसद ब्राँड की शराब मिल नहीं पा रही है। शराब के तमाम दुकानों में या तो चीप रेंज की शराब उपलब्ध है या फिर सर्वथा अपरिचित ब्राँड नाम वाला शराब मनमाने कीमतों में बेचा जा रहा है। आलम यह है कि आज अगर आप शराब के किसी ब्राँड का बॉटल खरीदते हैं, तो दूसरे दिन उसी ब्राँड की शराब आपको मिल जाये इस बात की कोई गारंटी नहीं है। उम्दा और कीमती शराब पीने वाले लोगों के लिये खोली गई प्रीमियम जैसी दुकानों में भी प्रचलित ब्राँड की शराब उपलब्ध नहीं रहती। मतलब यह कि अगर आपको शराब पीनी ही है तो वही शराब पीनी होगी जो दुकानदार आपको पिलायेगा। आपके पास चयन का कोई अधिकार नहीं है। ऐसा नहीं है



कि प्रचलित ब्राँड वाले शराब की सप्लाई स्थानीय दुकानों में ना होती हो। होता यह है कि स्थानीय दुकानों में सप्लाई होने वाले प्रचलित ब्राँड की शराब या तो शहर में संचालित बार वालों को भेज दिये जाते हैं या आधा दर्जे के प्रशासनिक अधिकारियों के बंगलों में प्रचलित ब्राँड की शराब पहुंच जाते हैं। छत्तीसगढ़ में चर्चित 2000 हजार रूपये के शराब घोटाले की जाँच की कार्रवाई अभी चल रही है। जाहिर सी बात है कि कथित घोटाले का असर ही शराब के सामान्य कारोबार में दिखलाई पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शराब घोटाले की जाँच कर रही एजेंसी को शराब दुकानों में उपलब्ध कराई जा रही शराब को लेकर भी जाँच करनी चाहिये। अगर ऐसा हुआ तो निश्चित है कि 2000 हजार रूपये का शराब घोटाला बढ़ कर 20 हजार रूपये करोड़ का घोटाला भी हो सकता है। छत्तीसगढ़ में चल रहे शराब के कारोबार की यह एक ही तस्वीर है इसी कारोबार की एक दूसरी तस्वीर भी है जिसमें छत्तीसगढ़ में प्रचलित ब्राँड के जिन शराबों को अनुपलब्ध कर दिया गया है वे तमाम ब्राँड के शराब पड़ोसी राज्य ओड़िसा से तस्करी के जरिये रायगढ़, महासमुंद और रायपुर जिले में खपाया जा रहा हैं। रायगढ़ जिले के सीमा पर स्थित कनकतुरा गांव में ओड़िसा सरकार की शराब भट्ठी है जिसके ठेकेदार छत्तीसगढ़ के कुख्यात शराब ठेकेदार भाटिया है। कनकतुरा स्थित शराब भट्ठी की 90 फीसदी शराब की खपत रायगढ़ जिले में होती है। रायगढ़ से कनकतुरा की दूरी अधिकतम 15 किमी है। शराब के तस्कर कनकतुरा से रायगढ़ तक पहुंचने वाले अलग-अलग रास्तों से रोजाना बड़े पैमाने पर कनकतुरा से प्रचलित ब्राँड की शराब लेकर आते हैं और एक बड़े मुनाफे में शराब की आपूर्ति रायगढ़ जिले के शराब के अघोषित कारोबारियों को करते हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि रायगढ़ के शराब के शौकीन जिनका कोई व्यवसायिक प्रयोजन नहीं होता कनकतुरा की भट्ठी से रोजाना चारपहिया और दोपहिया वाहनों के जरिये अपनी जरूरत के मुताबिक ब्रांडेड शराब लेकर आते हैं। स्थानीय पुलिस और आबकारी अमला गाहे-बगाहे ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर अपनी खानापूरी कर लेता है। महुआ शराब भी शराब कारोबार की इस स्थिति के चलते बड़े पैमाने पर बन और खप रहा है। इसके अलावे ओड़िसा के सीमांत गांवों से भी कच्ची शराब की तस्करी रायगढ़, महासमुंद और रायपुर जिले में हो रही है। महुआ और कच्ची शराब के मामले में भी पुलिस और आबकारी अमला अपनी सेंटिंग के हिसाब से कभी-कभार कार्यवाही की खानापूरी कर लेता है। अगर शराब के कारोबार की स्थिति यूं ही बनी रही तो उसके घातक नतीजों की आशंका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन छत्तीसगढ़ की सरकार जिसके सामने विधानसभा का चुनाव आ चुका है उसे ऐसे घातक नतीजों की लगता है कोई परवाह ही नहीं है। उसका एकमात्र लक्ष्य सत्ता में वापसी और सत्ता का सूख भोगना ही है।

## प्रियंका चोपड़ा ने बोल्ड ड्रेस में हिलाया इंटरनेट, देखें तस्वीरें



ग्लोबल स्टार बन चुकी अदाकारा प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट्स से फैंस के बीच खलबली मचा दी है। अदाकारा का लेटेस्ट फोटोशूट सोशल मीडिया पर आते ही छा गया। इस फोटोशूट में अदाकारा एक नामी इंटरनेशनल मैगजीन के लिए बोल्ड ड्रेसेस में पोज करती दिखीं। अदाकारा की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम की दुनिया मे आते ही तहलका मचाती दिख रही हैं। अदाकारा की इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस उनकी बोल्डनेस को देख हैरान होते दिखे। यहां देखें अदाकारा प्रियंका चोपड़ा की सामने आईं लेटेस्ट फोटोशूट की फोटोज।

केदारनाथ धाम 2023

# बाबा केदारनाथ के धाम पहुंची बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों देवभूमि उत्तराखंड में हैं। कल मंगलवार को कंगना रनौत ने हरिद्वार में साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया था। तो आज कंगना बाबा केदारनाथ में दर्शन करने केदारनाथ धाम पहुंची।



उन्होंने बाबा केदार के दर पर माथा टेका। कंगना रनौत के साथ खानपुर विधायक उमेश कुमार भी केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। बदरी-केदार मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहित समाज ने कंगना रनौत का स्वागत किया।

वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद महाराज भी कंगना रनौत के साथ ही भगवान केदारनाथ के दर्शन को पहुंचे थे। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने कंगना रनौत का स्वागत कर उनको भगवान केदारनाथ जी का प्रसाद, भस्म और रुद्राक्ष की माला भेंट की। मंदिर समित ने अभिनेत्री कंगना रनौत को केदारनाथ धाम का महाप्रसाद दिया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि वह समर्पण भाव से केदारनाथ पहुंची हैं और उन्होंने भगवान केदारनाथ सभी के कल्याण की प्रार्थना की है। यहां आकर सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था और प्रण को अधिक बल मिला है। दर्शन के बाद कंगना तीर्थयात्रियों और तीर्थ पुरोहितों से भी मिलीं।

बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कंगना बदरीनाथ दर्शन को भी जाना चाहती थीं लेकिन मौसम खराब होने के कारण बदरीनाथ के कार्यक्रम में बदलाव किया गया। गौरतलब हो कि कंगना रनौत कुछ समय पहले ही हरिद्वार आई थी, लेकिन तब वो केदारनाथ धाम नहीं आ पाई थीं।

# मेट्रो में सान्या के साथ हुई थी छेड़छाड़, गलत तरीके से छूने का किया था प्रयास



सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म कटहल को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्होंने एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया है। फिल्म में उनके साथ विजयराज हैं जो अपने अभिनय के लिए खास पहचान रखते हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सान्या मल्होत्रा ने बताया कि जब वो दिल्ली कॉलेज में पढ़ती थीं, तक मेट्रो में सफर करते हुए कुछ लड़कों ने उनके साथ छेड़छाड़ की थी और गलत तरीके से छूने का प्रयास किया। मेट्रो में मौजूद कोई भी शख्स उनकी हेल्प करने के लिए नहीं आया। सान्या ने कहा कि वो वक्त उनके लिए बेहद डरावना था। मेट्रो से निकलने के बाद भी उन लड़कों ने सान्या का पीछा करना जारी रखा। जैसे-तैसे करके सान्या उनसे पीछा छुड़ाने में कामयाब रहीं।

हौटरफ्लाई के साथ बात करते हुए सान्या ने कहा, वे मुझे गलत तरीके से छूने लगे। मैं बिल्कुल अकेली थी और हेल्पलेस महसूस कर रही थी। ऐसी स्थिति में इंसान कुछ नहीं कर सकता। इन सब घटना के बाद आमतौर पर लोग कहते हैं कि तुमने कुछ किया क्यों नहीं। हालांकि उन्हें ये नहीं पता होता कि ऐसे समय में आदमी के हाथ पैर फूलने लगते हैं। आप बस कैसे भी करके इस स्थिति से बच निकलना चाहते हो। सान्या ने कहा कि ये बात बेहद ताज्जुब करने वाली थी कि वहां मौजूद कोई भी शख्स उनकी मदद करने को आगे नहीं आया। उन्होंने आगे कहा, मैं राजीव चौक से निकली, तो वे लड़के वहां भी मेरा पीछे करने लगे। वे लड़के दिखने में लंबे-चौड़े बॉडी बिल्डर टाइप थे। गनीमत ये थी कि वहां भीड़ थी। मैं वॉशरूम गई और अपने पिता को फोन किया। मैंने उनसे तत्काल वहां आने को कहा।

स्टार बनने के बाद भी फेस किया ऐसा सिचुएशन, फैन ने गलत तरीके छूआ था

सान्या ने कहा कि स्टार बनने के बाद भी उन्होंने ऐसे सिचुएशन फेस किए हैं। सान्या ने कहा, कुछ साल पहले मेरे साथ एक और घटना हुई थी। उसका फुटेज भी इंटरनेट पर उपलब्ध होगा। मैं कहीं पर थीं तभी एक फैन फोटो क्लिक कराने आया। फोटो लेने के दौरान उसने मेरी कमर पर हाथ रख दिया। मैं बिल्कुल चौंक गई। मैं काफी ज्यादा असहज हो गई, फिर भी वहां मौजूद कोई भी फोटोग्राफर मदद के लिए आगे नहीं आया। मैंने उस शख्स को बुलाया और कहा कि तुमने ये सही काम नहीं किया है। सान्या मल्होत्रा को दर्शकों में दंगल के बाद पहचान मिली। दंगल में वे आमिर खान की छोटी बेटी की भूमिका में नजर आईं थी।

# मेगास्टार चिरंजीवी ने स्विट्जरलैंड में भोला शंकर के गाने की शूटिंग से लीक की तस्वीरें



मेगास्टार चिरंजीवी ने भोला शंकर की शूटिंग से तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। अभिनेता वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म के लिए एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। मेगास्टार चिरंजीवी अगली बार भोला शंकर में दिखाई देंगे। अभिनेता ने गाने की शूटिंग से तस्वीरें साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेगास्टार चिरंजीवी वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म भोला शंकर की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह एक गाने की शूटिंग के लिए स्विटजरलैंड रवाना हो गए। 23 मई को, अभिनेता ने गाने की शूटिंग से कुछ बीटीएस (बिहाइंड-द-सीन) तस्वीरें साझा करने के लिए अपने ट्विटर पेज का सहारा लिया। अपने ट्वीट में, उन्होंने उल्लेख किया कि गाना अच्छा बना है और तब तक दर्शकों को इन लीक तस्वीरों के साथ रहना होगा। भोला शंकर तमिल फिल्म वेदालम की आधिकारिक तेलुगू रीमेक है। 1 मार्च को, मेगास्टार चिरंजीवी ने भोला शंकर के फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण किया। मास मसाला एंटरटेनर 11 अगस्त को प्रदर्शन के लिए तैयार है। कीर्ति सुरेश भोला शंकर में चिरंजीवी की बहन की भूमिका निभाएंगी।

मेगास्टार चिरंजीवी ने मंगलवार (23 मई) को ट्विटर पर भोला शंकर पर एक अपडेट साझा किया। तेलुगु में उनके ट्वीट का अनुवाद कुछ इस तरह किया गया है, स्विट्जरलैंड में भोला शंकर के लिए गाने की शूटिंग बहुत मजेदार थी। मैं कह सकता हूं कि गाना सभी प्रशंसकों को प्रभावित करेगा। हम जल्द ही और अपडेट साझा करेंगे! तब तक, ये हैं लीक तस्वीरें।

# हीरामंडी की शूटिंग से नाखुश हैं संजय लीला भंसाली, दोबारा करेंगे शूटिंग

संजय लीला भंसाली की अगली महत्वाकांक्षी परियोजना, हीरामंडी, नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसकी शूटिंग वर्तमान में मुंबई में की जा रही है। हाल ही में, नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख सहित प्रमुख महिलाओं की पहली उपस्थिति साझा की। फर्स्ट लुक ने सभी को हैरान कर दिया।



हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, संजय लीला भंसाली सीरीज के लिए शूट के एक हिस्से से खुश नहीं हैं। हीरामंडी से जुड़े सूत्र बताते हैं, हीरामंडी के अलग-अलग एपिसोड अलग-अलग निर्देशकों द्वारा निर्देशित किए जा रहे हैं, जिन्होंने पहले संजय लीला भंसाली के तहत काम किया है। भंसाली श्रृंखला के लिए केवल प्रमुख दृश्यों का निर्देशन कर रहे हैं। हालांकि, हाल ही में, जब संजय लीला भंसाली ने अन्य निर्देशकों द्वारा शूट किए गए एपिसोड के कुछ दृश्यों को देखा, तो जाहिर तौर पर वह खुश नहीं थे। संजय लीला भंसाली उन एपिसोड्स के कुछ हिस्सों को फिर से शूट करने पर जोर दे रहे हैं, जिनके बारे में वह आश्वस्त नहीं है। प्रोडक्शन हाउस और कर्मचारी दुविधा में हैं क्योंकि शो का अधिकांश हिस्सा लगभग पूरा हो चुका था।

# 200 करोड़ के बाद द केरला स्टोरी के कारोबार में आई बड़ी गिरावट

जब द केरला स्टोरी पहली बार सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो इसने बॉक्स ऑफिस पर काफी दहाड़ मारी। फिल्म धार्मिक रूपांतरण, आईएसआईएस और तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द के गंभीर विषय पर आधारित है।



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बाद, फिल्म ने 23 मई को अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया। तमाम विवादों के बीच यह फिल्म 5 मई को रिलीज हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 18वें दिन फिल्म 200 करोड़ रुपये के क्लब को पार करने में भी कामयाब रही। शुरुआती व्यापार अनुमानों के अनुसार, फिल्म ने कथित तौर पर अपने दिन 19 के संग्रह में भारी गिरावट देखी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 4 करोड़ रुपये की कमाई की, जो अब तक का इसका सबसे कम कलेक्शन है। इसलिए, द केरल स्टोरी का कुल संग्रह अब 207.47 करोड़ रुपये है। 23 मई को हिंदी में कुल 13.84 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी थी। द केरला स्टोरी अदा शर्मा द्वारा अभिनीत केरल की एक हिंदू महिला की कहानी है। इस्लाम अपनाने के लिए उसका ब्रेनवॉश किया जाता है और उसे सीरिया भेज दिया जाता है, जहां उसे आईएसआईएस आतंकवादी संगठन में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। वहां उसे प्रताड़ित किया जाता है। फिल्म सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही द केरला स्टोरी सवालों के घेरे में है।

## खेल

चेन्नई को IPL में सबसे कंसिस्टेंट बनाने वाले 6 फैक्टर्स

# 71% सीजन के फाइनल में पहुंची धोनी आर्मी, सबसे ज्यादा जीत इसी के नाम

आईपीएल के इस सीजन की शुरुआत चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले से हुई। अब सीजन का आखिरी मैच भी इन्हीं दोनों टीमों के बीच आज अहमदाबाद में होगा।



इन दोनों टीमों का फाइनल में पहुंचना महज संयोग नहीं है। इसके पीछे दोनों टीमों की चैंपियन वाली मानसिकता, प्लानिंग और एग्जीक्यूशन है। इस स्टोरी में हम IPL हिस्ट्री में चेन्नई सुपरकिंग्स की कामयाबी को डिकोड करने की कोशिश करेंगे। चेन्नई चार बार खिताब जीत चुकी है और 10वीं बार फाइनल में पहुंची है। करप्शन के मामले में चेन्नई की टीम पर बैन लगा था और टीम 2 सीजन टूर्नामेंट से बाहर रही थी। यानी चेन्नई ने 14 सीजन ही खेले हैं और 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुकी है। मुंबई की टीम 16 साल में 6 बार फाइनल में पहुंचकर दूसरे नंबर पर है। यानी पास्ट परफॉर्मेंस के आधार पर चेन्नई के पास हर IPL के फाइनल में पहुंचने की उम्मीद 71% होती है। टीमें इस कंसिस्टेंसी के साथ फाइनल तो छोड़िए प्ले-ऑफ में भी नहीं पहुंच पाती हैं। चेन्नई की कामयाबी की परतें पहचानने के लिए हमने 6 अलग-अलग फैक्टर्स की पहचान की है। ये फैक्टर्स लीडरशिप, टीम, मैनेजमेंट, कोचिंग, स्ट्रैटजी और लिगेसी हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी टीम के मेंटॉर, डिसीजन मेकर, विकेटकीपर और बैटिंग में फिनिशर की भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर कहें तो ष्टस्य् के मास्टरमाइंड धोनी ही हैं। मैदान के अंदर से लेकर बाहर तक टीम की पूरी स्ट्रैटजी और मैनेजमेंट धोनी के ही इर्द-गिर्द घूमता है। धोनी ही ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों की खरीदी की प्लानिंग भी करते हैं।

2008 से CSK की कप्तानी कर रहे धोनी ने 224 में से 211 मैचों में टीम की कमान संभाली है। उन्हें 127 में जीत और महज 82 मैचों में हार मिली, 2 मैच बेनतीजा रहे। 13 मैचों में सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा ने भी कप्तानी की, लेकिन दोनों मिलकर भी टीम को 4 ही मैच जिता सके।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसा बनना चाहते है मोहम्मद रोशाल

**लखनऊ ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में शिरकत कर रहे एमजी यूनिवर्सिटी (महात्मा गांधी) यूनिवर्सिटी, कोट्टम-केरल की टीम के मोहम्मद रोशाल पीपी का सपना आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल टीम में जगह बनाने पर है ताकि वह अपनी मां के सपनों को पूरा कर सके। मोहम्मद रोशाल का फुटबॉल से लगाव तब शुरू हुआ था जब उन्होंने पुर्तगाल के दिग्गज स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खेलते देखा, फिर उन्होंने अपनी मां मिसेज शाहिदा को जब कहा कि मेरे को भी फुटबॉल खेलना है तो उनकी मां के सामने चुनौतियां कम नहीं थी। दरअसल रोशाल के पिता नहीं है और उनकी मां ड्रेस शाप से अपने घर का खर्चा चलाती है, फिर भी उन्होंने बेटे की लगन को देखते हुए उसे फुटबॉल खेलने की मंजूरी दे दी। इसके बाद 10 साल पहले कालीकट के रहने वाले इस लड़के के फुटबॉल में सफर की शुरुआत हो गयी। रोशाल



अपने आइडियल पुर्तगाल के सितारे फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे बनना चाहते और उनका सपना आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल टीम क लिए भी खेलने पर है। स्ट्राइकर के तौर पर खेलने वाले केरल के फुटबॉलर मोहम्मद रोशाल के लिए वह पल गौरवशाली था जब उन्हें ईस्ट बंगाल की टीम की ओर से खेलने का मौका मिला।

## एक नजर

### आईपीएल से बाहर होते ही विराट कोहली ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले क्रिकेटर बने

**नई दिल्ली ।** विराट कोहली भले ही एक बार फिर से अपनी टीम आरसीबी को आईपीएल चैंपियन बनाने में नाकाम रहे हों, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (आईपीएल) का फाइनल मुकाबला होने से पहले उन्होंने इतिहास रच दिया है। आईपीएल से उनकी टीम आरसीबी बाहर होने के बाद विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ लंदन पहुंच हुए। इंग्लैंड में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना है। यह मुकाबला लंदन के 'द ओवल' में 7 से 11 जून तक खेला जाना है। लंदन पहुंचने के बाद विराट कोहली को बड़ी खुशखबरी मिली है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। हालांकि, यह उपलब्धि उनके खेल से जुड़ी हुई नहीं है। दरअसल, विराट कोहली इंस्टाग्राम पर 250 मिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाले पहले और एकमात्र भारतीय बन गए हैं। भारत तो क्या विराट कोहली के पूरे एशिया में सबसे ज्यादा फॉलोअर हैं। विराट कोहली पूरी दुनिया में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के बाद सबसे अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाले एथलीटों में तीसरे स्थान पर हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 585 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। वहीं, लियोनल मेसी के 464 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं।



### गिल-मोहित के तूफान में उड़ी मुबंई, खिताब बचाने से एक कदम दूर गुजरात



**अहमदाबाद ।** शुभमन गिल (129 रन,60 गेंद) की रनो की बरसात के बाद मोहित शर्मा (दस रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्षा प्रभावित मैच में मुबंई इंडियंस को 64 रन से रौंद कर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 233 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की पूरी टीम 18.2 ओवरों में 171 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। गुजरात टाइटंस अब फाइनल में रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला करेगी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बारिश के कारण मैच निर्धारित समय से करीब आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। मुबंई के कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पिच में व्याप्त नमी का अंदाजा लगाते हुये गुजरात को बल्लेबाजी सौंपी मगर मैदान पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने वाले शुभमन के तेवर का उन्हे कतई अंदाज नहीं था। क्रीज पर आते ही पंजाब के जीवट खिलाड़ी के बल्ले ने आग उगलनी शुरू कर दी।

# राशिद होंगे गुजरात का तुरुप का इक्का : सहवाग



**चेन्नई ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले च्ालीफायर में राशिद खान गुजरात टाइटन्स के लिये 'तुरुप का इक्का' साबित होंगे।

राशिद इस सीजन में 24 विकेट चटकाकर आईपीएल 2023 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं और चेपौक की धीमी पिच पर उनकी स्पिन कारगर साबित हो सकती है।

सहवाग ने कहा, राशिद खान गुजरात के लिये तुरुप का इक्का हैं। अगर उन्हें विकेट चाहिए तो वे उन्हें गेंदबाजी के लिये लाते हैं। जिस तरह से हार्दिक ने राशिद का इस्तेमाल किया है, वह काबिले तारीफ है। राशिद को साझेदारी तोड़ना पसंद है और अब वह अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर इस सीजन के सबसे सफल गेंदबाज बन गये हैं।

चेन्नई और गुजरात फाइनल में पहुंचने की होड़ में मंगलवार शाम 7ः30 बजे यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। सहवाग ने जहां इस महत्वपूर्ण मुकाबले में राशिद की फिरकी पर दांव लगाया, वहीं पूर्व ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह ने चेन्नई के रुतुराज गायकवाड़ और डेवन कॉनवे की जोड़ी पर भरोसा जताया है।

# भुवनेश्वर की लड़कियों ने जीता रग्बी का स्वर्ण

**लखनऊ ।** भुवनेश्वर के केआईआईटी की लड़कियों और पुणे के भारती विद्यापीठ के लड़कों ने पहली बार उत्तर प्रदेश में आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 का रग्बी का खिताब जीत लिया है। केआईआईटी की लड़कियों ने शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह कॉलेज मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में मुंबई विश्वविद्यालय को 56-0 से हराया जबकि भारती विद्यापीठ के पुरुषों ने अपने वर्ग के फाइनल में केआईआईटी को 19-10 के अंतर से पराजित किया। इस वर्ग का कांस्य पदक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जीता। शुक्रवार को ही बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी हाल में सिलसिलेवार तरीके से टेबल टेनिस मुकाबले खेले गए, जिसमें महिलाओं के सेमीफाइनल मुकाबलों में एसआरएम यूनिवर्सिटी ने चितकारा यूनिवर्सिटी को 3ङ्क 0 और एडमस यूनिवर्सिटी ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी को 3-1 से हराया। पुरुषों के वर्ग में चितकारा विश्वविद्यालय ने फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से होगा। शनिवार को वॉलीबॉल में महिला वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।



# ईडी की कार्यवाही से बड़े लोग गायब, अब छूटभईया कोयला चोरों से हो रहा है काम?

## कोयले के अवैध कारोबार में सरकार यू ही बदनाम नहीं, धुआं उठ रहा मतलब आग बराबर लगी हुई है

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ में ईडी का इतना खोफ हो गया है कि सरकार से जुड़े कार्यों को करने वाले लोग एवं बड़े उद्योगपतियों की इस समय नींद हराम हो रखी हुई है कि कही अब उनके पास तो ईडी का बुलावा मतलब नोटिस न आ जाए।



सरकार के नुमाइंदों से या तो दूरी बना ली या अभी सरेंडर की मुंद्रा में ठंडे पड़े हुए हैं या अब वो सामने नही आकर ऐसे लोगों से काम करा रहे जिससे उन पर कोई आंच नहीं आए ऐसा हम इसलिए अंदेशा लगा रहे है कि कोयले का छत्तीसगढ़ में अवैध कारोबार बहुत बड़ा है जिसको रोकने में सभी सरकार असफल रही हैं या उन्हीं की मर्जी से चलता रहा है। लेकिन ईडी की कार्यवाही से छत्तीसगढ़ में अवैध कारोबार करने वालो पर हड़कंप मच गया वो चाहे कोयला का कारोबार करने वाले हो या शराब का अवैध कारोबार करने वाले सब पर ईडी की कार्यवाही जारी है जिससे इन कार्यों में स्नलिप्त बड़े लोग, उद्योगपति पूरी तरह से ठंडे पड़े हुए हैं या कह सकते ही ईडी के शिकंजे में फं स चुके हैं।

### रतनपुर रोड के कोल डिपो में होता है अवैध कोयले का भंडारण

### अभी भी कोयले का अवैध कारोबार हो रहा है लेकिन अब आका नहीं उनके नुमाइंदे छोटे कोयला चोर के माध्यम से

*अब भी कोयले का अवैध कारोबार जारी है बस अब फर्क यह है कि बड़े लोग गायब है या पीछे से संचालन कर रहे है सामने मे उसे छूटभईया चोरों से संचालन कराया जा रहा है जिससे कोयले का अवैध कारोबार इस समय धडल्ले से चल रहा है ऐसा इसलिए कह सकते है या सुनाई दे रहा है दबी जुबान में अधिकारी, पुलिस को कार्यवाही करने की मनाही है इस बात की हम पुष्टि नहीं कर रहे हैं, लेकिन रात के अंधेरे में रतनपुर के रोड किनारे के कोल डिपो में देखा जा सकता है, कार्यवाही के नाम पर खनिज, पुलिस विभाग की जीरो कार्यवाही, मतलब कार्य जोरो से चल रहा है और इसका का संचालन छोटे कोयला चोर कर रहे हैं उन्हें ऊपर वालों का आशीर्वाद प्राप्त है अब देखना ये हैं कि ईडी की निगाहे इन पर कब पड़ती है और यदि पड़ गई तो इनके आका भी उनकी पकड़ में आ सकते हैं और वो अधिकारी-कर्मचारी भी जिनके रहमोंकरम पर कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।*

## एक नजर

# नव विवाहित ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



प्राप्त जानकारी अनुसार यह पूरा मामला शंकरगढ़ विकासखंड थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहसुन पाठ का है, जहां पर एक नव विवाहित रीमा यादव ने अज्ञात कारणों से फ ांसी लगा ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार बता दे कि 2021 में इसकी शादी हुई थी वह अपने निवास घर लहसुन पाठ आई हुई थी, अचानक उसने यह कदम उठा लिया है। परिवार में सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, गांव में इसकी खबर सुनते ही मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर मामले में पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा कर जांच कर रही है। और लोगों और परिवार परिजन से मामले में और जानकारी जुटाने में पुलिस टीम जुट चुकी है।

# महाकुल सामाज के ब्लॉक अध्यक्ष बने नित्या बेहरा

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।





महाकुल यादव समाज पत्थलगांव इकाई ब्लॉक अध्यक्ष एवं सचिव चुनाव 3762 मतदाता ने किया मतदान अध्यक्ष पद के लिए पूर्णो चंद बेहरा, नित्या एवं यदुचंद बेहरा के बीच हुआ मुकाबला सचिव पद के लिए चुढ़ामणी आपट खजरीढाप विरूद्ध कन्हई यादव खजरीढाप मतदान में हिस्सा 18 वर्ष से ऊपर पुरुष मतदाताओं ने भाग लिया मतदान पाकरगांव आमा बगीचा अमराई में सुबह 8 बजे शुरू होकर 3 बजे तक चला इस दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चूस्त दुरूस्त रही विजेता प्रत्याशी अध्यक्ष पूर्णो चंद बेहरा 1204 वोट से विजई एवं सचिव चुढामणी आपट 680 वोट से विजयी को महाकुल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डमरुधर यादव दिलेश्वर यादव फुलेश्वर बेहरा तोताराम यादव धणेश्वर बेहरा प्रेमचंद यादव चंद्रशेखर गणेश यादव प्रभा यादव खुले बेहरा मुरलीधर यादव बीबीसी एवं अन्य ने दी बधाई।

# चोरी कर भाग रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर गांव में घुसा : कई घर क्षतिग्रस्त, जनहानि नहीं

**कोरबा** । कोयले से लदी ट्रेलर वाहन का चालक खड़ी कर घर में सोने चला गया। इस बीच आधी रात को अज्ञात व्यक्ति ट्रेलर को लेकर भाग निकला, पर भागते वक्त ट्रेलर अनियंत्रित होकर गांव में घुस गया। इससे दर्जन भर घर क्षतिग्रस्त हो गए। सुखद यह रहा कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

घटना की सूचना डायल 112 को ग्रामीणों ने दी। बताया जा रहा है कि पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत सिल्ली के आश्रित ग्राम घुंनघुटीपारा में रात तीन बजे एक अनियंत्रित ट्रेलर वाहन गांव में घुस गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। तेज आवाज होने की वजह से ग्रामीणों की नींद खुल गई और घटनस्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। रात होने की वजह से कोई अप्रिय वारदात नहीं हुई। डायल 112 में तैनात आरक्षक जसपाल श्याम एवं चालक क्षितिज शर्मा को गांव वालो के द्वारा सूचना दी। मौके पर पतासाजी के दौरान जानकारी मिली कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एआर 7912 का चालक पोडी उपरोड़ा निवासी लोकेश रात में गाड़ी लोड कर घर पोड़ी पहुंचा और खाना खाने के बाद सो गया। उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रेलर को स्टार्ट कर वहां से ले जाकर घुनघुट्टीपारा गांव में घुसा दिया।

# जमीन में अवैध कब्जे पर नायब तहसीलदार द्वारा पुलिस टीम के साथ कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सीतापुर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में शिव मंदिर के सामने स्थित सरकारी प्लाट पर एक महिला द्वारा अवैध निर्माण कर कब्जा किया जा रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशासन को लगी सीतापुर नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे, तथा महिला द्वारा कराए जा रहे सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को रुकवाया। काम को रुकवाया जाने का मोहल्ले की महिलाओं ने जमकर विरोध किया। परंतु पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने उनकी एक नहीं सुनी और काम को पूर्णता बंद करवा दिया। साथ ही प्रशासन द्वारा महिला को काम बंद रखने के लिए नोटिस भी जारी कर दिया गया है। वही जब हमने इस विषय पर निर्माण कराने वाली महिला से बात की तो उसका कहना है कि वह लगातार 20 वर्षों से यहां पर किराए के मकान में रह रही है। उसके पास जमीन नहीं है जिस कारण वह अपने लिए यहां मकान का निर्माण करवा रही थी। वही नायब तहसीलदार का कहना है कि उक्त जमीन सरकारी पट्टे पर है। जिस पर महिला द्वारा जबरन कब्जा कर घर बनाया जा रहा था। उसके द्वारा किसी प्रकार का प्रशासन से आदेश नहीं लिया गया है। जिस कारण हमें अवैध निर्माण को रुकवाना पड़ा।

# चिटफंड कंपनियों में डूबे पैसों की वापसी को लेकर पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा लोगों से संपर्क कर उनका हस्ताक्षर लिए

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

लगातार चिटफंड कंपनियों में डूबे पैसों की वापसी को लेकर पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा लोगों से संपर्क कर उनका हस्ताक्षर ले रहें हैं, वहीं जिनका लाखों रुपया डूब गया उनसे मिल साथ मांग रहे हैं उनका ही पैसा उन्हें दिलाने के लिए। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस का वादा था कि सरकार बनते ही जिन गरीबों का पैसा कंपनियों ने डकार लिया है उन्हें वापस दिलाएंगे।



सरकार को अब 5 साल पूरे होने जा रहें हैं लेकिन सक्ती और जांजगीर जिले के निवेशकों का खून पसीने की कमाई का अब तक एक पाई भी सरकार ने नहीं लौटाया। वादा खिलाफ ी तो सरकार ने की है लेकिन पूर्व मंत्री नोवेल वर्मा का कहना है कि राजनीति से परे मेरा केवल एक ही उद्देश्य है कि गरीबों का पैसा उन्हें वापस मिल सके, इसी मुद्दे पर लगातार वर्मा उन लोगों से मिल रहें हैं जिनका पैसा ये कंपनियां खा गई हैं, वहीं उनके द्वारा एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में शुक्रवार को अधिवक्ता संघ मालखरौदा के वकीलों से भी मिले। वैसे वकीलों ने भी बताया कि कैसे कंपनियों द्वारा निवेश के नाम पर पूरी जमा पूंजी ले लिए और फिर भाग गए। वहीं वकीलों सहित अन्य लोगों ने भी अपनी समस्या पूर्व मंत्री के समक्ष रखी। वहीं अधिवक्ता नरसिंह जायसवाल ने तो सीधे सीधे राजस्व अमले पर ही भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार, आरआई, पटवारी लोगों से अवैध उगाही करते हैं, और काम में भी विलम्ब करते हैं। वहीं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तो सिर्फ एक कोटवार के भरोसे ही चल रहा है, उक्त कोटवार बाबू का भी काम करता है और अधिकारियों के लिए वसूली का भी काम करता है। उत्तरा गवेल का आरोप है कि मालखरौदा थाने में अवैध वसूली चरम पर है, 107, 116 के मुचलका के लिए भी भारी पैसा लिया जा रहा है। डॉ नैन अजगले अधिवक्ता ने बताया कि उनके रिश्तेदारों के लगभग 10 से 12 लाख रुपये चिटफंड कंपनियों में डूब गया है, जिन्हें अब तक कोई राहत नहीं मिली। वहीं कुसुमलता का कहना है कि कांग्रेस के ही लोगों का लाखों रुपया इन कंपनियों में डूब गया, उम्मीद थी कि कुछ तो मिलेगा लेकिन अब तक एक पैसा भी हाथ में नहीं आया, लगातार एजेंटों के दरवाजे जाते हैं लेकिन उनसे भी कोई राहत नहीं मिलती है।

*ज्ञात हो कि सिर्फ मालखरौदा ब्लॉक में ही लोगों का 60 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा निवेशक कंपनियों में डूब गया है, इन्हीं पैसों को वापस दिलाने के नाम पर कांग्रेस को चंद्रपुर क्षेत्र की जनता ने भारी मतों से जिताया था, लेकिन अब तक ना तो एक रुपया मिला और ना ही कंपनियों के अधिकारी कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई हुई, जबकि कंपनियों के एजेंटों द्वारा निवेश के नाम पर लिए गए करोड़ों का बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर मिला था, कुछ एजेंट तो रातों रात करोड़पति बन गए, लेकिन उन पर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई या पूछताछ भी नहीं हुई है।*

# पीरियड्स के दौरान हाइजीन का रखें विशेष ध्यान, संक्रमण और बीमारियों से बचाने में मददगार हैं ये टिप्स-डॉ. एएस एकता तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



मासिक धर्म यानी पीरियड्स मातृत्व क्षमता का सूचक है। महिलाओं के शरीर में हर महीने होने वाली यह प्राकृतिक क्रिया इस बात का सूचक है कि आप मां बनने योग्य हैं। हालांकि समाज में पीरियड्स को लेकर फैले मिथ्य और भ्रम के चलते मेंसुरेशन हाइजीन एक बड़ा गंभीर विषय रहा है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है, इसमें बरती जाने वाली किसी भी तरह की लापरवाही आपके लिए समस्याएं बढ़ा सकती है। इसी बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। बचपन से ही मासिक धर्म से जुड़ी सही जानकारी और इससे संबंधित स्वच्छता के उपायों के बारे में लोगों को बताना बहुत आवश्यक है। स्वच्छता का ध्यान न रखने के कारण जननांगों में खुजली जलन, मूत्र पथ का संक्रमण यूटीआई और गंभीर स्थितियों में किडनी की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। इन सब समस्याओं से बचाव के लिए कुछ सामान्य सी बातों का ध्यान रखना आपके लिए मददगार हो सकता है। आइए आगे इस बारे में जानते हैं।

### सैनिटरी नैपकिन को समय-समय पर बदलते रहें

मासिक धर्म के दौरान शरीर से गंदा रक्त निकलता है। जिसे सैनिटरी नैपकिन अवशोषित करती रहती है। इस दौरान शरीर कई प्रकार के संक्रमण के प्रति अति संवेदशील हो जाता है। ऐसे में ज्यादा देर तक एक ही पैड के इस्तेमाल से जननांगों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन दिक्कतों से बचे रहने के लिए सैनिटरी नैपकिन को समय-समय पर बदलते रहें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखते हुए हर 3-4 घंटे पर पैड को जरूर बदलें ।

### मासिक धर्म के दौरान जननांगों की स्वच्छता

### जननांगों की साफ सफाई का रखें ध्यान

मासिक धर्म के दौरान जननांगों की साफसफ ाई बहुत आवश्यक हो जाती है, ऐसा करके आप संक्रमण के जोखिम को कम कर सकती हैं। सैनिटरी नैपकिन को हटाने के बाद भी बैक्टीरिया शरीर से चिपके रह सकते हैं। ज्यादातर लोग कैमिकल युक्त उत्पादों को जननांगों की साफसफ ाई के लिए प्रयोग में लाते रहते हैं, हालांकि इसे विशेषज्ञ सही तरीका नहीं मानते हैं। हर बार साफ पानी से अच्छी तरह से जननांगों की साफसफाई करें।

### पीरियड्स के दौरान स्वच्छता सैनिटरी नैपकिन का सही तरीके से डिस्पोजल जरूरी

*हर बार पैड के इस्तेमाल के बाद इसे सही तरीके से डिस्पोज करना आवश्यक होता है। सैनिटरी नैपकिन को अच्छी तरह से कागज में लपेटकर ही कूड़ेदान में डालें और फिर हाथों को साफ करना न भूलें । उपयोग किए गए सैनिटरी नैपकिन को खुले में फेंकने से कीटाणुओं और बीमारियों के फैलने का खतरा हो सकता है। नैपकिन्स को टॉयलेट में फ्लश ना करें।*

# हमारी सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित लिए कार्य किया -मंत्री कवासी लखमा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित और विकास के लिए कार्य किया है। सरकार आदिवासी संस्कृति का संरक्षण कर रही है और उनके विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। सरकार ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लोगों को सामुदायिक हितग्राही मूलक पट्टा भी प्रदान किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आदिवासियों को सरकार ने उनका वाजिब हक देने का काम किया है। 9 अगस्त का दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही पहला राज्य है जहां आदिवासियों की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दिन अवकाश घोषित किया है। यह बातें विश्व आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में नव निर्मित मंगल भवन व देवालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और आदिवासी महापंचायत में मुख्य अतिथि वाणिज्यिक कर आबकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कही।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में 25 लाख रूपए की लागत से नव.निर्मित मंगल भवन के लोकार्पण पर समाज के लोगों को बधाई देते हुए लखमा ने कहा कि आदिवासी जंगलों में रहते हैं और फ ल-फ ूल खाते हैं और प्रकृति की पूजा करते हैं। जहां भी आदिवासी रहते हैं वहां वे प्रकृति के साथ रहते हैंए इससे प्रकृति का भी संरक्षण होता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए हमेशा एकजुटता के साथ रहना होगा। लखमा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के संस्कृतियों के संरक्षण का भी कार्य कर रही है। सरकार ने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ कियाए जंगल में रहने वाले आदिवासियों को पट्टा का वितरण किया, तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा चार हजार रूपए कियाए बस्तर के लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापस कराई, किसानों के फ ायदे के लिए धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए करने सहित अन्य कई कल्याणकारी कार्य किए हैं। इस अवसर पर अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी समाज की मांग वे हमेशा सहयोग करते रहे हैं। आज मंगल भवन का लोकार्पण किया है जिससे समाज को समय-समय पर होने वाले विभिन्न आयोजन व कार्यों में मदद मिलेगी। समाज की ओर से नि:शुल्क जमीन की मांग पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए समाज के लोग शासन.प्रशासन से विधिवत् आवेदन करें। अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में भव्य डोम बनाने के लिए भी हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नंदकुमार साय ने कहा कि मात्रात्मक व लिपिकीय त्रुटि की वजह से कई लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया हैए ऐसे में आदिवासी अपने वास्तविक अधिकार से वंचित हैं। साय ने कहा कि जारी हुई नई सूची में भी अगर इसका निराकरण नहीं हो पाया है तो वे समाज के लोगों की मदद से ऐसे लोगों की जानकारी लेकर इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे।



### शक्ति पीठ में पूजा की और मांदर के साथ थिरके लखमा

***विश्व आदिवासी शक्तिपीठ में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे वाणिज्यिक कर आबकारी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने शक्तिपीठ में पूजा-पाठ किया। इसके बाद समाज के लोगों ने उनका स्वागत पारंपरिक नृत्य के साथ किया। इस दौरान मंत्री कवासी लखमा खुद भी मांदर बजाते हुए उनके साथ नृत्य करने लगे।***

## गोधन न्याय योजना कृषकों के लिए साबित हो रहा है वरदान

# आजीविका मूलक गतिविधियों से महिलाएं बन रही आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना नाम के अनुरूप ही अब महिलाओं, किसानों, आमजनों के लिए हो गई है। ग्रामीण महिलाएं अब घरेलू कार्य के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी से अपनी सहभागिता बढ़ा रही हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में संचालित आय मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और अब वे अपने परिवार की जिम्मेदारी तथा उनका भरण-पोषण कर अपने जीवन स्तर बढ़ाने में सक्षम हो रही हैं। गोधन योजना अंतर्गत महिलाएं स्वप्रेरित होकर वर्मी टांका निर्माण कर स्वालम्बन की ओर कदम बढ़ा रहे है। यह सफ लता की कहानी एक स्वावलंबी महिला सुशीला कुजूर पति मनोज कुजूर निवासी ग्राम मितघरा विकास खण्ड बगीचा जिला जशपुर की निवासी है। जो पूर्णत: गृहणी है।



सुशीला कुजूर बताती है कि उनके पास कुल 4.600 है जमीन है जिसमें में धानए मक्का, कुटकी एवं उड़द तथा साग सब्जी की खेती करती है तथा वह शासन की विभिन्न योजना का लाभ लेकर तकनीकी ढंग से खेती करवाती है जिससे उन्हें अच्छा लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गोधन न्याय योजनातर्गत निर्मित गौठान का अवलोकन किया जिसमें वर्मी टाका से वर्मी खाद तैयार किया जा रहा है जो कि बहुत अच्छे किस्म का है तथा मैं उससे प्रभावित होकर श्री एण् केण् सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा से मार्ग दर्शन प्राप्त कर अपने घर में लीची के पेड़ के नीचे खाली पडी हुई जमीन पर वर्मी टांका का निर्माण करवायी और अपने पास उपलब्ध जैविक कचरा एवं गोवर से सभी टांको की भराई कराई। उन्ही टांको में केचुआ डाल कर वर्मी खाद का निर्माण की है तथा उसी खाद का उपयोग कर अभी ग्रीष्मकाल में 0.400 हेक्टेयर में पत्ता गोभी का फसल लगायी है। वर्मी खाद से उत्पन्न पत्ता गोभी बहुत अच्छी है तथा ग्रीष्मकाल में भी अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। इस तरह से खाद निर्माण करने खाली पड़ी जमीन का उपयोग हुआ और अलग से छाया की व्यवस्था नही करना पड़ी। इसके अलावा 0.200 हेक्टेयर में डबरी निर्माण कराकर मछली पालन के साथ ही अपने घर में मुर्गी एवं बकरी पालन का कार्य कर रही है। अपनी कृषि कार्य में गांव की कई महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने बताया कि माननीय



मुख्यमंत्री बघेल की गोधन न्याय योजना हम कृषकों के लिए एक वरदान है। जिससे हम गरीब कृषक अपने पास उपलब्ध जैविक कचरे का उपयोग कर कम लागत में वर्मी खाद तैयार कर जैविक विधि से खेती कर सकते हैं इस विधि से खेती कर विष रहित फसल एवं साग.सब्जी प्राप्त कर सकते है। जिसका बाजार में अच्छा मूल्य भी प्राप्त होता है तथा मानव शरीर में किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होता है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित की ही। साथ में गांव की अन्य महिलाओं को इस तरह की खेती करने के लिये प्रोत्साहित करती हैं।

# भारतीय जनता पार्टी की मण्डल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

### प्रदेश कार्यसीति सदस्य एवं कोरबा लोक सभा प्रभारी अखिलेश सोनी रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बड़ाबाजार में मण्डल स्तर पर बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश कार्यसीति सदस्य एवं कोरबा लोक सभा प्रभारी अखिलेश सोनी उपस्थित रहे उन्होंने कहा चुनावी बेला नजदीक है। इसलिए सभी पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों में रात दिन जुट जाए। इस बैठक में आगामी चुनाव को लेकर मंडल के सभी पदाधिकारी द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया गया। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है और सरकार कार्यकर्ता के बलबूते पर बनती और गिरती है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर ही अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकती है। पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर जनसेवा तथा जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं करें और लोगों के बीच भाजपा सरकार द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की अपील की गई ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज़्यादा से ज्यादा लोगों को मिले। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन हुआ तथा आगामी रणनीति भी तय की गई। उन्होंने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए जुट जाएं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क शुरू करें।

# गोधन न्याय योजना से मिली महिलाओं को नई राह

### वर्मी कम्पोस्ट, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन, कुक्कुट पालन एवं गोबर से बने दीया बेचकर महिलाओं ने कमाए 21 लाख रूपये

**कांकेर** । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना से महिलाओं को नई राह मिली है। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के अलावा अन्य आर्थिक गतिविधियां की जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। पखांजूर तहसील के हरनगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम डोण्डे के गौठान में सदगुरू महिला स्व-सहायता समूह एवं कृषक कल्याण समिति के सदस्यों ने वर्मी कम्पोस्ट, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन, कुक्कुट पालन एवं गोबर से बने दीया बेचकर महिलाओं ने 21 लाख 57 हजार रूपये कमाये हैं।

सदगुरू महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमती नरेश्वरी कोटवार ने बताया कि उनके समूह के महिलाओं द्वारा गौठान में खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है, इसके अलावा मछली पालन, मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं गोबर से दीया, गमला एवं मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि गौठान में 13,200 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, खरीदे गये गोबर से 3614.92 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और 570 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट बनाकर सहकारी समितियों के माध्यम से विक्रय किया गया है, जिससे समूह को 15.07 लाख रूपये की शुद्ध आमदनी हुई है।

# रीपा योजना के आने से महिलाओं के जीवन में आया बड़ा बदलाव

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप रीपा गोठानों में विभिन्न आय अर्जक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। रीपा में काम करके युवा उद्यमी और समूह की दीदियाँ बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने 1 लाख 24 हज़ार की लागत से बोरी बेग निर्माण इकाई स्थापित किया। बोरी बेग बनाकर उन्होंने अब तक कुल 1 लाख 90 हज़ार रुपये की आय अर्जित की।

इससे उन्हें शुद्ध 66 हजार रुपये का लाभ हुआ। उन्हें घर के कामों के साथ स्वरोज़गार के साधन मिल रहे हैं जिससे महिलायें बहुत ही उत्साहित नज़र आ रही हैं। दुबछोला रीपा में स्व.सहायता समूह की दीदियाँ




बोरी बेग निर्माण के साथ मशाला उत्पादन, फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, अगरबत्ती निर्माण, फेब्रिकेशन का कार्य बेहतर तरीके से कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक तरुण सिंह ने बताया कि लक्ष्मी स्व.सहायता समूह दुबछोला की दीदीयाँ बोरी बेग निर्माण का कार्य करती हैं। गोठान से जुड़ने के बाद उन्हें रीपा योजना के माध्यम से शेड और भवन प्राप्त हुआ जिससे उनके कार्य का विस्तार हुआ। शासन के द्वारा पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने से समूह की दीदियों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। जिला प्रशासन के द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न आय अर्जक गतिविधियों से जुड़कर वे अपने आप को आत्मनिर्भर एवं सशक्त महसूस कर रही हैं।

# इंदिरा नगर शक्ति केंद्र में जिलाध्यक्ष उमेश ने कार्यकर्ताओ के साथ सुनी मन की बात

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के तहत इंदिरा नगर के वार्ड क्रमांक 6 के शक्ति केंद्र में आज जिला भाजपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात का ,एक सौ एक वा एपिसोड सुना। इससे पहले वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया।भाजपा नेता ने कहा इस आयोजन से देश वासी एक मंच में आ सके। मन की बात में मोदी जी के कहा जन भागीदारी सबसे बड़ी ताकत है । सफाईकर्मी भाई बहन हो या फिर अलग अलग सेक्टर्स के दिग्गज , मन की बात ने सबको एक साथ एक मंच में लाने का काम किया है। 3 अक्टूबर 2014 से शुरू हुआ यह कार्यक्रम मोदी सरकार का हर नागिरक तक पहुचने का सरल व प्रमुख जरिया है । इसके पहले 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम के 100 वे एपिसोड का प्रसारण संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय समेत देश भर के हिस्सो सहित दुनिया के कई क्षेत्रों में इसका सीधा प्रसारण सुना गया। इस दौरान प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मंजू सिंह , जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा शर्मा , जिला उपाध्यक्ष बब्बल पांडेय , मंडल अध्यक्ष डिग्री साहू , महामंत्री सुमित शर्मा , मंजुलता नायक , दुर्गा डॉली देवांगन , मंत्री भुनेश साहू , हेमकांत साहू , बृजकिशोर शर्मा , श्रवण सिदार , मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष मितेश शर्मा , पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संतोष साहू , श्रीअंश ठाकरे , साथ ही शक्तिकेन्द्र के संयोजक जगत राम चौहान मौजूद रहे।



# गौठानो में मौसमी खेती कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राकृतिक संसाधनो को संरक्षित रखने के साथ साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए एक नई महत्वकांक्षी योजना चलाकर छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा व बाड़ी को बचाने के लिये इस योजना को लागू किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना को लेकर ग्रामीणों और किसानों में उत्साह है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने 20 जुलाई 2020 से गोधन न्याय योजना की शुरूवात की थी। इस योजना में पशुपालन एवं ग्रामीणों से 2 रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी किया जा रहा है। खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाया जा रहा है, जिससे किसानों को जैविक खेती की तरफ पुन: प्रेरित किया जा सके एवं गोधन न्याय




योजना लागू होने से पशुपालकों के आय में वृद्धि हो रहा है। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के गौठानों में 10 सदस्यीय महिला समूह ने जैविक खाद बेचकर अब तक लाखों रुपए की आय अर्जित कर चुकी है। गोधन न्याय योजना से समूहों के महिलाओं ने सिद्ध किया हैए यदि किसी काम को लगन से किया जाये तो उसका परिणाम सुखद ही होता है। समूह की महिलाओं को कृषि विभाग द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है और आवश्यकतानुसार सभी तकनीकी सहयोग भी दिया जाता है। यही कारण है कि वर्मी खाद का उत्पादन बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण हो सका है। समूह की महिलाये गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली गृहणी है, जो कभी अपने दैनिक जरूरतों के लिये परेशान हुआ करती थी। जब से शासन द्वारा गौठान विकास का कार्य करते हुए गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी और खाद उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है तब से हमारे आजीविका के नए रास्ते खुले है। अब महिलाएं जैविक खाद तैयार करने में सक्षम हो गई है। अपने आय में दिनो दिन वृद्धि कर लाखों रूपये कमा रही हैं जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

*गौठानो में मल्टी एक्टिविटी का निर्माण हुआ है, मल्टी एक्टिविटी के निर्माण से गौठानों में मशरूम का उत्पादन, बकरी पालन, बटेर पालन एवं मुर्गी का पालन किया जा रहा है। जिससे गौठानों में लाखों की कमाई हो रही है। जिसका सीधा लाभ समूहों की महिलाओं को हो रहा है। गौठानों में पानी की सुविधा के लिए बोर खनन एवं कुछ गौठानों में तालाब एवं डबरी का निर्माण भी कराया गया है। जिन गौठानों में तालाब एवं डबरी का निर्माण हुआ है। वहां पर मछली का पालन भी किया जा रहा है।*

# माँ है न



मेरी मां, मेरी मां, ओ मेरी मां,
सारे जहां की खुशी दे , मेरी मां है न।
खुद भूखे रहे मुझे खिलाये,
मेरी झोली भर दे ,मेरी मां है न ।।
मेरी मां है न ।

क्या परिचय दूं मैं उनका,

मेरी मां है साक्षात देवी स्वरूपा ।
दुख सहे लाख मगर ,
मुख पर हर शिकन छुपा।।
जब जब धूप का पहरा छाया,
तूने अपना आंचल फैलाया।।
भीड़ हो या तन्हाई हो,

साथ है तेरा एहसास दिलाया ।
ए खुदा मुझे वही मा देना,

वह मेरी भगवान है न,

मेरी मां है न मेरी मां है न।

एक नहीं नौ -नौ माह,

अपने कोख में मुझे पाली।

असहनीय पीड़ा सह माँ ने,
जन्म मुझे दे डाली,
मल- मूत्र ऐसे धोई,
जैसे मैल हो शरीर का,

खो दिया मैंने ऐसी मां को,

दर्द से भरा किस्सा है तकदीर का ,
मां की कमी जो पूरा करें,

वह कोई इंसान नहीं है न।

मेरी मां है न, ,मेरी मां है न।।
मां एक शब्द नहीं ,
खुद में एक एहसास है।

आज मुझ से कोसों दूर,

फिर भी दिल के पास है।।

भगवान स्वयं पहुंच ना सके ,
इसलिए मां को बनाई है।

कभी मां कभी माता ,
तो कभी किसी की आई है।।
मां का कोई रूप नहीं है,
मां हमारी निराकार है न,

मेरी मां है,न ,मेरी मां है न ।।
मां तुझसे पहला प्यार मेरा,
तुझसे बना है पहचान मेरा।
मां तेरी परछाई हूं मैं ,
थोड़ा जिद्दी,थोड़ा चिड़चिड़ा हूं मैं ,
रंग बदलती दुनिया में ,
एक मां तू ही है जो करे निस्वार्थ प्यार ।
प्यार से जलाकर मूझसा 'दीपक '
चली तु मा मुझे बेसहारा बनाकर ।।
छोड़ चली मेरा घर आंगन।
ओ मेरी मां है न ,
मेरी मां है न ।।
मां बिन संसार अधूरा ,
घर खाली आंगन सुना।

मां नहीं है अब मेरे पास, अब ना रहा मेरे लिए कुछ खास ।
माना मेरी सांसे आती जाती रहती है ,
गुमसुम चेहरे अब मुस्कान नहीं ठहरती है ।
अगर यकीन ना हो तो देख लो ,
बिन तुम्हारे चलता फिरता लाश है।
मन कहता है तू मेरे आस-पास है ,
मेरी मां है न ,मेरी मां है न। मेरी मां है न ।।
मां की याद में यह 'दीपक'
खुद होता खुद चुप हो जाता है ।
अपनी मां को घर आंगन,

हर गली में ढूंढा करता है।

हर किसी की मा में ,
अपनी मां की परछाई को पाता है ।
भुला ना सकेगा ए 'दीपक' ।
ओ तेरी जन्म दात्री माँ है न ।
ओ मां है ,मेरी मां है,
ओ मेरी मां है न ,मां है न। ओ मेरी मां है न।।
कवि -' दीपक '
**बायसी कॉलोनी ,धरमजयगढ़**

# पत्नी से अवैध संबंध की शंका पर चचेरे भाई की हत्या, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पत्नी से अवैध संबंध की शंका पर चचेरे भाई ने चाकू मारकर हत्या कर दी। हुए इस हृदय विदारक घटना से गांव में सनसनी फैल गई।

घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरतापाली की है। जहां बीच बस्ती में नरीजन राठिया के आंगन में जोहीत राठिया पिता स्वर्गीय इंदल राठिया उम्र 30 के ऊपर चाकू से वार किया गया, जिससे जोहित की मौके पर मौत हो गई। मृतक के परिजनों द्वारा घटना की जानकारी थाना धरमजयगढ़ को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को घटना की जानकारी देकर अपनी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घटना के



बारे में परिजनों से जानकारी लेकर संदेहियों से पूछताछ की गई। जिसमें पत्नी से अवैध संबंध की शंका पर हत्या करने की बात सामने आई। घटना में आरोपी कंचन राठिया उम्र 40 वर्ष को मृतक जोहित राठिया से अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध का शंका था। जिसके लिए वह उसे ठिकाने लगाने के लिए सोचता रहता था। 27 मई को दोपहर सूनेपन में घात लगाए आरोपी ने चाकू से मृतक के शरीर को कई जगह काट दिया। जिससे मृतक के शरीर से बहुत अधिक मात्रा में रक्त बह गया। वहीं उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। आरोपी के खिलाफ धारा 302 के मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कुछ घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को सुलझाने में सहायक उपनिरीक्षक अमृत मिंज, सहायक उपनिरीक्षक भगत, सहायक उपनिरीक्षक शांतिलाल मिंज, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कैवर्त, आरक्षक पुष्पेंद्र सिदार, आरक्षक किशोर राठौर की अहम भूमिका रही।

## कलेक्टर पहुंचे मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ़

### माता के दर्शन कर जिले के लिए सुख समृद्धि की कामना

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा शनिवार संध्या समय सपरिवार मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ़ पहुंचकर माता की पूजा अर्चना कर जिले में बेहतर कार्य करने के लिए प्रार्थना तथा जिले की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने 900 सीढियां चढ़कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कुदरगढ़ में श्रद्धालुओं के सुविधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सीढियों में शेड निर्माण तथा चढ़ने तथा उतरने वाली रास्ते में यात्रियों के रुकने हेतु शेड बनाए जाने के संबंध में चर्चा की। प्रस्तावित रोप वें निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही दूर-दूर से आने वाले




श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु धर्मशाला के निर्माण पर भी चर्चा की गई। बिजली तथा पानी की अबाध आपूर्ति हेतु निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान मां बागेश्वरी लोक न्यास ट्रस्ट के मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, संजय यादव, तहसीलदार ओपी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रणवीर साय, कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र कुशवाहा, मंडल संयोजक मनोहर गुप्ता, राकेश चौबे, हौसला प्रसाद राजवाड़े तथा ट्रस्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बिना अनुमति के कई ग्राम पंचायतों में धधक रहे लाल का कारोबार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भठ्ठो का संचालन नवागढ़ क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में जोर शोर से चल रहा है। संचालकों द्वारा ना तो खनिज नीति का पालन किया जा रहा है और न ही स्थानीय निवासियों की नीति का पालन किया स्वस्थ से कोई चिंता नहीं। और बहार से मजदूर बुलाकर ईट से मोटी रकम कमा रहे है।

नदी के किनारे आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े ईटो का भट्ठा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा ईटों का ब्यपार करने के उद्देश्य से हो रहा हैं, जिसके लिए खनिज विभाग से किसी भी प्रकार को



अनुमति नहीं ली गई है। नियमानुसार 25 हजार तक ईट बनाने के लिए तहसीलदार व 50 हजार से अधिक ईट के निर्माण के लिए खनिज विभाग से अनुमति लेना होता है, लेकिन आसपास ग्रामीण अंचलों में कई ईट भठ्ठे लगाए जा चुके है। लेकिन प्रशासन इन अवैध भठ्ठों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है और न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों के नदी के किनारे बिना खनिज विभाग का परमिशन से लाल ईट भठ्ठा धधक रहे हैं इसी तरह ग्राम पंचायतों में नदी के किनारे अवैध ईट भठ्ठो का खेल चल रहा है।

## महामाया मंदिर परिसर में नॉनवेज खाने वाले गुनाहगार पकड़े गए

### कुख्यात बाबा खटीक ने मंदिर परिसर में किया था नॉन वेज पार्टी

जोहार छत्तीसगढ़-रतपुर।

रतनपुर मां महामाया मंदिर परिसर में कंठी देवल मंदिर के पास मांस भक्षण मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए दो आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। पिछले बुधवार को रतनपुर महामाया मंदिर प्रांगण में ही स्थित कंठी देवल मंदिर के पास कुछ लोगों द्वारा नॉनवेज पका कर खाने का वीडियो वायरल होते ही सनसनी फैल गई।



**आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

हालांकि यह हिस्सा पुरातत्व विभाग के नियंत्रण में है, जिसका गार्ड भी नियुक्त है। वीडियो में दिख रहा गार्ड पूरे मामले का ठीकरा महामाया मंदिर ट्रस्ट पर फोड़ता दिख रहा है। इसके बाद महामाया मंदिर ट्रस्ट ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस को इसकी सूचना दी। इस मामले में पड़ताल के बाद बिलासपुर टिकरापारा में रहने वाले पप्पू खटीक और बाबा खटीक के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग करने का आरोप लगाते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। हालांकि वीडियो में दिख रहे पत्तल से यह स्पष्ट अनुमान लग रहा था कि यहां पार्टी करने वालों की संख्या 50 के आसपास रही होगी, इनके द्वारा परिसर के पास मांस पकाकर मंदिर के इर्द-गिर्द ही ना केवल मांस भक्षण किया गया बल्कि जूठे पत्तल दोना भी वह यत्र तत्र छोड़ कर चले गए। मंदिर परिसर में ही यहां वहां हड्डियां बिखरी पड़ी थी, जिससे लोगों की भावनाएं आहत होने और शांति व्यवस्था भंग होने के चलते मंदिर ट्रस्ट ने मामले को संज्ञान में लिया। आरोपियों में से बाबा खटीक कुख्यात खाईवाल भी है, जिसके द्वारा अपने साथ कुछ लोगों को रतनपुर ले जाकर यह कृत्य किया गया था। आरोपियों को तहसीलदार शिल्पा भगत के न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई, जिसे लोग नाकाफी बता रहे हैं। इधर महामाया मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से अपील की है कि वे भविष्य में इस तरह का कोई भी आचरण मंदिर और आसपास ना करें, जिससे कि श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो। आपको बता दें कि इसी सप्ताह बुधवार को कंठी देवल मंदिर परिसर में कुछ लोगों ने मांस भक्षण किया था और अपना जूठन छोड़कर चले गए थे। किसी जागरूक नागरिक ने इसका वीडियो तैयार कर वायरल कर दिया था। इसके बाद पूरा मामला संज्ञान में आया। इस अशोभनीय हरकत से रतनपुर ही नहीं बल्कि पूरे सनातन समाज में आक्रोश देखा जा रहा था। लोग मांग कर रहे हैं कि यहां इस तरह का सूचना पट लगाया जाए जिसमें स्पष्ट निर्देश रहे कि भविष्य में कोई इस तरह का दुस्साहस न कर सके।

## एक नजर

### दो भाईयों ने नगर का बढ़ाया गौरव, छत्तीसगढ़ स्टेट कराते चैंपियनशिप जीता गोल्ड मेडल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ मे 25 और 26 मई 2023 को आयोजित कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बड़ी बाजार स्थित विट्ठल नाथ मंदिर के पुजारी अनिरुद्ध नगरकर एवं शिल्पा नगरकर के होनहार पुत्रो अनय नगरकर एवं आराध्य नगरकर ने 40 किलोग्राम एवं 30 किलोग्राम के अपने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर नगर को गौरवान्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक एवं अनय और आराध्य के बड़े पापा पं. आनंद नगरकर ने बताया की बाल्यकाल से ही दोनों भाईयों की रूचि कराते की ओर रही इसी कारण उनको बेहतर प्रशिक्षण के लिए कोच डीआर साहू एवं सूरज साहू के पास भेजा गया जिसका परिणाम आज हम सब देख है। इतनी कम उमर में इस तरह की उपलब्धि से नगर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अनेक सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने अपनी शुभकामनाएं देकर दोनों बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### कुटुंब न्यायालय में तैनात सुरक्षा गार्ड ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव के कुटुंब न्यायालय में तैनात सुरक्षा गार्ड ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। सिपाही का नाम जितेंद्र पटेल बताया जा रहा है।

दरअसल, घटना रविवार सुबह की है। एसडीओपी निमितेश सिंह परिहार से मिली जानकारी अनुसार पुलिस आरक्षक जितेंद्र पटेल परिवार न्यायालय में गार्ड के रूप में पदस्थ था। सुबह ड्यूटी पर आने के बाद 9ः30 से 10ः00 के बीच में उसने स्वयं को अपने ही राइफल से गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

मृतक सिपाही लंबे समय से परिवार न्यायालय में ड्यूटी कर रहा था। घटना के वक्त सिपाही के साथ दो अन्य सिपाही भी मौजूद थे। इसी दौरान जितेंद्र ने सुबह 9ः30 से 10ः00 के बीच परिवार न्यायालय परिसर में स्वयं के राइफल से खुद को गोली मार ली जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद एसडीओपी निमितेश सिंह परिहार समेत कोंडागांव पुलिस थाना प्रभारी प्रहलाद यादव एवं आरआई मनीष राजपूत व पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंच गए हैं। एसडीओपी परिहार ने बताया कि घटना पश्चात तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है। सिपाही के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## कोसमन्दावासियों के हर सुख-दुख में रहूंगी सबसे आगे-उमा राजेन्द्र राठौर

### कोसमंदा में 2 निर्माण कार्यों का जिला पंचायत सदस्य ने किया भूमि पूजन

जोहार छततीसगढ़-सक्ती।

जिला पंचायत सदस्या उमा राजेंद्र राठौर ने अपने प्रवास के दौरान ग्राम कोसमंदा में 15 वें वित्त मद की राशि से श्याम कार्तिक महोत्सव हेतु छतदार चबूतरा निर्माण एवं सरस्वती शिशु मंदिर के पास शौचालय निर्माण कार्य का पंडित नारायण महाराज द्वारा मंत्र उपचार कर भूमिपूजन किया।

ग्राम कोसमन्दावासी अपने क्षेत्र में पहली बार जिला पंचायत सदस्या के रूप में सरल, सहज, मृदुभाषी जनप्रतिनिधि पा कर खुश



है, वहां पे उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि हर क्षेत्र में ऐसे ही जमीनी स्तर पर लोगों का दुख दर्द समझने वाले जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता है जिसके पास कोई समस्या या आवश्यकता की जानकारी पहुंचते ही तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन करें। ग्राम वासियों का तो यह तक कहना है कि ऐसे जुझारू, सशक्त जनप्रतिनिधि को इस बार सक्ति विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा जाए जिससे विकास कार्यों को गति मिले और इस क्षेत्र को उमा राजेंद्र राठौर के रूप में अपना योग्य विधायक मिले उमा राजेंद्र राठौर ने कहा की कुछ माह पूर्व हम लोग श्याम कार्तिक महोत्सव में ग्राम कोसमन्दा पहुंचे थे, तो वहां के मोहल्लेवासी द्वारा चतदार चबूतरे की मांग की गई और सरस्वती शिशु मंदिर के पास शौचालय के लिए भी मांग की गई तो हमने अपने 15 वें वित्त मद से छतदार चबूतरे की स्वीकृति करवाई और मेरे 15 वें वित्त मद से यहां 4 बोर खनन एवं हैंडपंप स्वीकृत हुई है और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वाटर फ्रीजर मेरे अनुशंसा से स्वीकृत हुई है। ग्राम कोसमन्दावासी द्वारा मुझसे जो कुछ सहयोग के लिए बोला जाता है यथाशक्ति प्रयास करती हूं कि उन लोगों की मांगे पूरी हो मैं चाहती हूं कि जनता की जो भी समस्या हो उनका निराकरण जल्द से जल्द हो।

## राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने वाले नायक वीर सावरकर-ओपी चौधरी'

### प्रदेश भाजपा महामंत्री ने वीर सावरकर जयंती पर किया पुण्य स्मरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने संसद के नए भवन को लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए कहा आज वीर सावरकर जयंती के दिन नए भवन का उद्घाटन देश वासियों के लिए गौरवशाली क्षण है।

मोदी द्वारा नए संसद भवन में धर्म दंड सेंगोल की स्थापना को ओपी चौधरी ने सनातन धर्म का यथोचित निरूपित किया। वीर



सावरकर जयंती के जीवन से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा नेता में कहा महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले के गांव में हुआ था। उनके पिता दामोदर पंत सावरकर गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में एक थे। कम उम्र में ही उनकी माता राधाबाई का साया उनके सर से उठ गया था। सबसे पहले सावरकर ने ही पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया और राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्मचक्र लगाने का सर्वप्रथम सुझाव भी वीर सावरकर ने ही दिया था। जिसे राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने मान्य किया। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का चिंतन किया। वे प्रथम राजनीतिक बंदी थे। बंदी जीवन समाप्त होते ही सावरकर ने अस्पृश्यता आदि कुरीतियों के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया। उनकी पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस 1857 एक सनसनीखेज पुस्तक रही। जिसने ब्रिटिश राज की बुनियाद हिला दी। वे विश्व के ऐसे पहले लेखक थे जिनकी कृति 1857 का प्रथम स्वतंत्रता समर को दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया। वीर सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे। जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना कर दिया था। वे पहले ऐसे भारतीय राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने सर्वप्रथम विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। और ऐसे पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण अंग्रेज सरकार ने वापस ले लिया। ओपी चौधरी ने ऐसे अद्वितीय क्रांतिकारी वीर सावरकर के जीवन को भारतीयोङ्कु के लिए प्रेरणा दाई बताया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in